


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

■ मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में भारत का सम्पादकीय | सेहत सुरक्षा-कवच | पूर्व पहलवान नरसिंह यादव भारतीय कुश्ती 5

वर्ष 10 अंक 338 | E-mail: dholpur@hotmail.com | फरीदाबाद, गुरूवार 25 अप्रैल 2024 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


**पीएम नरेंद्र मोदी ने भोपाल में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड-शो**

# पीएम के स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब, भगवामय हुई सड़कें, आसमान से बरसे फूल





### यात्रा मार्ग हुआ मोदीमय, प्रधानमंत्री ने जनता का किया अभिवादन

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बुधवार की शाम भोपाल में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मालवीय नगर स्थित तिराहे से खुले रथ पर सवार होकर मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहा तक जनता का अभिवादन किया और पार्टी प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांगा। रोड शो रोशनपुरा चौराहे से होते हुए मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहे तक पहुंचा।

**सड़कों पर गूंजे मोदी-मोदी और अबकी बार-400 पार के नारे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के रोड शो के दौरान यात्रा मार्ग की दोनों तरफ की सड़कें भगवामय हो गयी। महिलाएं जहां गले में भगवा दुपट्टा डालकर प्रधानमंत्री जी का स्वागत कर रही थीं, तो जोशीले युवाओं के समूह केसरिया पगड़ी में अपने प्रिय नेता का स्वागत करने आए थे। कुछ महिलाओं ने सड़क के किनारे से ही प्रधानमंत्री मोदी की आरती भी की। हाथों में कमल का प्रतीक थामे प्रधानमंत्री जी ने उनका अभिवादन किया। आम जनता ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ प्रधानमंत्री जी का स्वागत किया।

**विभिन्न समाजों, संगठनों ने किया स्वागत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के रोड शो के दौरान उनका स्वागत करने समूचा भोपाल उमड़ पड़ा। समाज के हर वर्ग के पुरुष, महिलाएं, युवा, बच्चे और बुजुर्ग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मौजूद रहे। यात्रा मार्ग में संत समाज ने मंच से प्रधानमंत्री जी का स्वागत किया। सड़क के दोनों ओर गुजराती समाज, यादव समाज, कलार समाज, मराठी समाज, नेमा समाज, कुम्हार समाज, रजक समाज, वाल्मीकि समाज, जीनगर समाज, अहिरवार समाज सहित अन्य समाजों ने प्रधानमंत्री जी के स्वागत में बैनर लगाए थे। वहीं, साहित्यकार मंच, बरखेड़ा व्यापरी संघ, बाबा बटेश्वर भक्त मंडल जैसे अनेक संगठनों ने भी अलग-अलग तरीकों से प्रधानमंत्री जी का स्वागत किया।

रोड शो के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विशेष रूप से फूलों से सजाए गए रथ पर सवार होकर निकले। रथ पर उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा भी सवार थे और जनता का अभिवादन कर रहे थे।

## प्रधानमंत्री मोदी आज मुरैना आयेंगे, शिवमंगल सिंह के समर्थन में लेंगे जनसभा

**मुरैना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 25 अप्रैल गुरुवार को मुरैना आएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी का आगमन विशेष विमान से ग्वालियर होगा। इसके बाद हैलीकॉप्टर द्वारा वे मुरैना आयेंगे। कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदोरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी तय कार्यक्रम अनुसार मुरैना नगर में प्रातः 10:00 बजे पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना पर जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेशाध्यक्ष व्ही.डी. शर्मा सहित अन्य नेता मंचासीन रहेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी मुरैना में भाजपा के प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। इसके साथ ही प्रशासन व पुलिस द्वारा भी सभी व्यवस्थाओं का अंतिम रूप दिया जा चुका है। श्री भदौरिया ने सभी से जनसभा में पहुंचने की अपील की है।यहां यह बताना आवश्यक होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को देखते हुए शहर के मुख्य मार्गों पर होर्डिंग्स व बैनर लगाए गए हैं। पोरसा से लेकर श्योपुर तक लोगों को पीले चावल देकर जनसभा के लिए आमंत्रित किया गया है।



# देश को मान-सम्मान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री लगातार काम कर रहे हैं : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन एवं सागर में जनसभा को संबोधित किया**





खरगोन, सागर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र पटेल के समर्थन एवं सागर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े के समर्थन में बड़तुमा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इकोनॉमिक सर्वे कराने की बात कही है। कांग्रेस इकोनॉमिक सर्वे कराकर गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का धन छीनना चाहती है। कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने 1974 में सीलिंग एक्ट लाकर किसानों की जमीन छीनने का काम भी किया था। घमंडिया गठबंधन के नेताओं को अपने-अपने परिजनों की चिंता है, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी को देश के 140 करोड़ लोगों की चिंता है। देश को मान-सम्मान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री लगातार काम कर रहे हैं।

**कांग्रेस मेहनत से कमाया धन छीनना चाहती है**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस देश के गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों सहित हम सबका मेहनत से कमाया हुआ धन छीनना चाहती है। यह लोकतंत्र में कभी नहीं हो सकता। वर्ष 2013 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी और उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी यह बोला था कि इस देश पर पहला हक मुसलमानों का है। कितना दुर्भाग्य है कि कांग्रेस हमेशा से हिन्दू-मुसलमानों के बीच में फूट डालकर शासन करती रही। घमंडिया गठबंधन के लोग पानी पी-पीकर रोज एकमात्र व्यक्ति को गाली देते हैं। उन्हें कोई और नहीं मिलता। सोनिया गांधी इसलिए गाली देती हैं कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बनने दे रहे हैं, लालू यादव इसलिए गाली दे रहे हैं कि तेजस्वी को मुख्यमंत्री नहीं बनने दे रहे हैं, ममता बनर्जी इसलिए गाली देती हैं कि उनके भतीजे को आगे नहीं आने दे रहे हैं। यह सभी अपने - अपने खानदान को आगे बढ़ाने के लिए निकले हैं। इन्हें देश की चिंता नहीं है। देश और देश के 140 करोड़ लोगों की चिंता करने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी कर रहे हैं। वे भारत को मान-सम्मान दिलाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

**प्रधानमंत्री ने पूरा जीवन देश सेवा में लगा दिया**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि जिस प्रकार से हनुमानजी का जीवन सदैव त्याग करने एवं दूसरों को देने के लिए रहा वैसे ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी अपना पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया। जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने अपने वेतन, भत्तों की राशि भी अपने कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के लिए दान कर दी। उन्होंने अपने लिए कभी कुछ नहीं किया। जो भी वेतन, भत्तों की राशि आती है उसे अब गंगा मैया की सेवा में लगा रहे हैं। उन्होंने अपने लिए एक मकान तक नहीं बनाया, लेकिन देश के गरीबों को 4 करोड़ से अधिक आवास बनाकर दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सागर की धरती पर भी एक ऐसे ही सर डॉ हरिसिंह गौर का जन्म हुआ था, जिन्होंने भी अपनी पूरी संपत्ति एक विश्वविद्यालय के लिए दे दी और आज उस विश्वविद्यालय का नाम पूरी दुनिया में है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भाजपा हर वर्ग के लोगों से प्रेम करती है। हम गरीबों, आदिवासियों, मुसलमानों सभी से प्रेम करते हैं, तभी तो देश के सर्वोच्च पदों पर इन्हें बैठाते हैं। यह काम कांग्रेस की सरकार में कभी नहीं हुआ। उन्होंने कभी किसी आदिवासी को, किसी मुसलमान को देश का राष्ट्रपति नहीं बनाया। हम गरीबों से प्रेम करते हैं, इसलिए गरीब घर से निकले हुए व्यक्ति यहां पर प्रधानमंत्री बनते हैं, मुख्यमंत्री बनते हैं। यह काम सिर्फ भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ही कर सकते हैं। कांग्रेस के लोग तो एक-दूसरे को आपस में लड़ाते रहते हैं और इसी आधार पर उनकी राजनीति चलती है। यह काम वे वर्षों से करते आ रहे हैं। देश की आजादी के बाद से ही उनकी मानसिकता इस तरह की रही है। जब देश आजाद हुआ तो सबसे पहले हिन्दुस्तान-पाकिस्तान का बंटवारा करवा दिया और फिर हिन्दू-मुसलमानों के बीच में फूट डालकर शासन करते रहे।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि निमाड़ की धरती हमेशा से वीरों की धरती रही है। टंट्या मामा जैसे महान योद्धा, जिन्होंने अंग्रेजों के दांत भी खट्टे कर दिए थे। टंट्या मामा ने आदिवासी, गरीबों के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन कांग्रेस ने कभी उनका सम्मान नहीं किया। इतने वर्षों तक देश-प्रदेश में शासन किया, लेकिन कांग्रेस ने टंट्या मामा को उनका सम्मान नहीं दिलाया। टंट्या मामा, रानी अवंती बाई लोधी इन सभी ने अपना जीवन भारत की प्रगति और आजादी के लिए खफा दिया, लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस ने इनके लिए कभी कुछ नहीं किया।

# कांग्रेस के हाथ खाली, मैं अपने रिपोर्ट कार्ड के साथ आया हूं : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चंदेरी विधानसभा में 7 जनसभाओं को संबोधित किया**






**अशोकनगर।** केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को चंदेरी विधानसभा में जनसंपर्क कर सभा को संबोधित किया। उन्होंने दौरे की शुरुआत प्राणपुर से की और फिर गौरा कलां, गोधन, महोली, खिरिया देवत, इंदर और कदवाया में सभाएं की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं अपने विकास कार्यों के रिपोर्ट कार्ड के साथ आया हूं। मेरा ट्रैक रिकॉर्ड है ÷विकास, विकास और विकास÷। लेकिन कांग्रेस के हाथ खाली हैं। वह जाति के मुद्दे से देश को बांटना चाहती है। कांग्रेस चुनाव के समय आती है और चुनाव खत्म होने के बाद विदेशी पक्षी की तरह फुर्र हो जाती है।

**चंदेरी से विशेष संबंध, यहां आकर खुशी मिलती है**

सभाओं को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि चंदेरी विधानसभा से उनका विशेष संबंध है। यहां आकर आंतरिक खुशी और शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि चंदेरी विधानसभा का विकास हमेशा से मेरा संकल्प रहा है। इसीलिए मैंने किला कोठी, चंदेरी किला एवं अन्य सभी प्रमुख स्थलों का जीर्णोधार और संरक्षण करवाया ताकि इन्हें पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित किया जा सके। आज अगर हम चंदेरी को देखें तो यहां का हर स्थल अब सिर्फ राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को भी आकर्षित करता है।

**विकास ही मेरी प्राथमिकता**

विभिन्न सभाओं को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि विकास ही मेरी प्राथमिकता रहा है। इस क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के लिए मैंने एशिया का सबसे बड़ा हैंडलूम पार्क बनवाया। आज इस पार्क में मेरे बुनकरों भाइयों द्वारा बनाए गए कपड़े विश्व भर में प्रसिद्ध हो रहे हैं। देश के बड़े बड़े ब्रांड यहां के बुनकरों से कपड़ा खरीदते हैं। बिजली की समस्या के निवारण के लिए मैंने सब स्टेशन बनवाए और सौर ऊर्जा वाली लाइट लगवाई ताकि सबका घर रौशन हो सके। श्री सिंधिया ने कहा कि चंदेरी बैजू बावरा की नगरी है और इसीलिए हम यहां होने वाले संगीत महोत्सव को एक राष्ट्रीय पहचान दिलवाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ग्वालियर संगीत सम्राट तानसेन की नगरी है इसीलिए ग्वालियर और चंदेरी को भी जोड़ने की जरूरत है।

# प्रियदर्शनी राजे सिंधिया ने ग्रामीण महिलाओं से की चर्चा

**ग्रामीणों को आश्वस्त किया चुनाव के बाद 3 महीने में लगेगा शिविर**





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**गुना।** केंद्रीय मंत्री एवं गुना लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया लगातार चुनावी अभियान में जुटकर गांव-गांव पहुंच लोगों से चर्चा कर अपने पति के समर्थन में वोट मांग रही हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया की केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया लगातार गाँव-गाँव में नुक्कड़ सभाएँ कर रहीं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को एकत्रित कर उन्हें मोदी-सिंधिया की जोड़ी एवं विकास की योजनाओं के प्रति जागरूक कर रहीं हैं। बुधवार को सुबह अपने चुनाव प्रचार की शुरूवात गुना विधानसभा के ग्राम कंचन पूरा से की उसके बाद उन्होंने मावन, महू खान, पगारा, माहोर, विजय पुर मंगवार, खेजरा, मातापुरा आदि विभिन्न ग्रामों में जन संपर्क किया। जन संपर्क के दौरान ग्रामीण माता-बहनों से चर्चा कर सिंधिया परिवार के रिश्ते बताएं। उन्होंने ग्रामीण बहनों को आश्वस्त किया कि इस क्षेत्र में चुनाव के 3 महीने बाद शिविर लगाये जाएँगे, जिनको शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिला उनको सभी योजनाओं के फॉर्म भराये जाएँगे, सभी कमियाँ दूर की जाएँगी। उन्होंने कहा की सिंधिया जी ने विकास कभी जाती देखकर नहीं किया उन्होंने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास जीतकर हर वर्ग का विकास किया। कोरोना के समय में ऑक्सीजन प्लांट लगवाये, दवा पहुँचायी। ओलावृष्टि और बाड़ के समय में आये। ओर तुरंत मुआवजा दिलवाया। इसलिए आप कभी सिंधिया जी के विकास का साथ मत छोड़िए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सदस्य मुकेश काला, नीरज निगम, उपा अशोक शर्मा, महिला नेता मोना सुस्तानी, जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली सहित बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पुस्तक का अध्ययन करने से मानव को ज्ञान की प्राप्ति होती है: स्वामी अवधेशानंद जी



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**हरिद्वार।** श्रीमत् परमहंस, परिव्राजकाचार्य, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामण्डलेश्वर, अनंत श्री विभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज ने कहा कि - अच्छी पुस्तकें जीवन का अभिन्न अंग बनें और उनका स्वाध्याय करें। शास्त्रों ने मृत्यु के अनेक कारण और प्रकार बताए हैं, उनमें से स्वाध्याय और सद्विचारों का अभाव भी मृत्यु जैसा ही माना गया है। जो अध्ययनशील नही हैं, उनके जीवन में नवीन्यता, उत्साह, उल्लास और रस का अभाव रहता है और इसी कारण ऐसे व्यक्ति निरुत्साही एवं असफल माने जाते हैं। सफलता सिद्धि के लिए सद्विचारों का आह्वान करें, जिनका मूल स्रोत सद्ग्रन्थ ही है। सद्ग्रन्थों का अध्ययन वैचारिक नवीन्यता के साथ-साथ लक्ष्य की संप्राप्ति, आत्म-सामर्थ्य के जागरण और जीवन में दिव्यता के प्रकटीकरण में सहायक है। 'विश्व पुस्तक दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ । 'स्वाध्यायान्मा प्रमदः ..' अर्थात् स्वाध्याय से प्रमाद मत करना। श्रुतियों तथा सद्ग्रन्थों का अध्ययन सर्वथा उत्कर्ष प्रदाता है। जीवन के प्रत्येक आयाम पर सफलता के लिए सद्विचारों का आह्वान करें, जिनके मूल स्रोत सद्ग्रन्थ ही हैं। पुस्तकों के पठन-पाठन एवं स्वाध्याय को अपनी जीवनचर्या का आवश्यक अंग बनाएँ। पुस्तकें लक्ष्य की संप्राप्ति, आत्म-सामर्थ्य के जागरण और दिव्यता के उदय में सहायक हैं। पुस्तक का अध्ययन करने से मानव को ज्ञान की प्राप्ति होती है। इसे पढ़कर मानसिक विकास होता है। पुस्तक मानव को सभ्य बनाने में सहायक हैं। यह हमारा मार्गदर्शन करती हैं। पुस्तकों के अध्ययन से जहाँ एक ओर इतिहास, भूगोल आदि की जानकारी प्राप्त होती है, वहीं दूसरी ओर धार्मिक पुस्तकों को पढ़ने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सद्ग्रन्थ अज्ञानजन्य अंतर्तिमिर भंजक, ज्ञानप्रदाता और जीवन की पूर्णता की आधारभूत सत्ता हैं। सत्य असत्य का बोध, प्रकृति तत्त्वों का प्रकटीकरण और सत्पुरुषों के दिव्य जीवन चरित्र तथा प्रकृति के गूढ़ रहस्यों के अनावरण के सूत्र-साधन पुस्तकों में ही संकलित समाहित हैं। अतः ग्रन्थों तथा पुस्तकों का अध्ययन हमारी प्राथमिकता बनें। पुस्तकें निर्वाध ज्ञान परम्परा की संवाहिकायें एवं जीवन्त दैव प्रतिमाएँ हैं। वेद-उपनिषदों एवं समष्टि का सम्पूर्ण ज्ञान-विज्ञान, संस्कृति-संस्कार और महापुरुषों के चरित्र पुस्तकों में ही संकलित-समाहित हैं। पुस्तकों का अध्ययन-अध्यापन और प्रकाशन पारमार्थिक उपक्रम है। पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन करती हैं। हमें कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य का बोध कराती हैं। बिना ज्ञान के व्यक्ति सदैव अन्धकार में रहता है। पुस्तकें हमें अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाती हैं। पुस्तकें विद्या प्राप्ति का साधन हैं। पुस्तकें ज्ञान का भण्डार हैं। पुस्तकें हमारी दुष्ट वृत्तियों से सुरक्षा करती हैं। इनमें महापुरुषों के जीवनभर के अनुभव भरे रहते हैं। यदि कोई परिश्रम करे और अनुभव प्राप्त करने के लिए जीवन लगा दे और फिर उस अनुभव को पुस्तक के थोड़े से पन्नों में लेखांकित कर दे तो पाठकों के लिए इससे अधिक लाभ की बात क्या हो सकती है? पुस्तकों के अध्ययन से सद्ज्ञान की वृद्धि होती है और सद्ज्ञान वृद्धि से परम सुख, परम शान्ति और परमानन्द की अनुभूति होने लगती है। ज्ञान वृद्धि से जो सुख मिलता है उसकी तुलना किसी भी सुख से नहीं की जा सकती ...।

स्वामी श्री अवधेशानंद जी ने कहा कि - विचारशील रहें। दिव्य व आध्यात्मिक विचार हमारे अंतःकरण को परिष्कृत कर शुभत्त्व देवत्व और पारमार्थिक प्रवृत्तियों को साकार करते हैं। अतः वैचारिकी शुचि सम्पन्न रहें। साधन चतुष्टय सम्पन्न साधक के लिए शास्त्र विचार व आप्त वचन ही जीवन सिद्धि के महत् साधन है। भारत की आध्यात्मिक शक्ति से समस्त विश्व प्रभावित है। अध्यात्मक जीवन पूर्ण निस्वार्थता है। आध्यात्मिक-विचार अर्थात् सकारात्मकता ! जो मनुष्य जीवन की श्रेष्ठतम सम्पदा है। सद्-विचार एवं ज्ञान-आश्रय द्वारा मनुष्य अपने अविनाशी-स्वरूप को सहज उपलब्ध हो सकता है, जबकि जगत के अन्य वस्तु-पदार्थ नश्वर-मरणधर्मा हैं। अतः सद्-विचार संग्रहण-अनुशीलन करें। आध्यात्मिक विचार परिपक्व होते ही जीवन में आनन्द-माधुर्य, ऐश्वर्य-सौन्दर्य आदि दिव्यताएँ स्वतः स्फुरित होने लगती हैं। सद्विचार व शुभ-संकल्प में प्रतिकूलताओं के परिहार का अपूर्व सामर्थ्य विद्यमान होता है। सनातन-शास्त्र कथन है कि भवरोग औषधि है - सद्विचार। अध्यात्म जीवन पूर्ण निस्वार्थ होता है। आध्यात्मिक विचारों के अभाव में व्यक्ति पथ-भ्रष्ट हो जाता है। अधिक सांसारिक ज्ञान अर्जित करने से अहंकार आ सकता है, परन्तु आध्यात्मिक ज्ञान जितना अधिक अर्जित करते हैं, उतनी ही विनम्रता आती है। श्रेष्ठ विचार ही मनुष्य की सबसे बड़ी सम्पदा है। अच्छा साहित्य जीवन के प्रति आस्था ही उत्पन्न नहीं करता, वरन् उसके सौंदर्य पक्ष का भी उद्घाटन कर उसे पूजनीय बना देता है। प्रेरणादायक सुविचार को पढ़कर उन्हें आत्मसात कर व्यक्ति अपने जीवन में नई ऊर्जा का संचार कर सकता है तथा निराशा और नकारात्मक विचारों से भरे जीवन में आशा की किरण जगा सकता है। अच्छे सुविचार कठिन से कठिन कार्य को करने के लिए आपके मन में एक नया उत्साह और उमंग पैदा करते हैं, जिससे उस कार्य को करने की प्रेरणा मिलती है और व्यक्ति सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ता है।

स्वामी श्री अवधेशानंद जी ने कहा कि - यदि आपकी ईश्वर में आस्था है, तो आपके लिए उलझनों में भी रास्ता है। जीवन में जितनी पवित्रता विनम्रता होती है, जीवन का उत्कर्ष भी उतना ही होता है। कुएँ में उतरने वाली बाल्टी जब झुकती है तब ही पानी लेकर आती है। इसलिए जीवन में कुछ पाना है तो झुकना सीखिए। ब्रह्म ही यथार्थ वस्तु है जो सर्वत्र व्याप्त निर्गुण निरामय निर्विशेष और उपाधि रहित है। ब्रह्म निर्विकार-सर्वव्यापक सत्ता है, उसका विधान सर्वथा निर्दोष कल्याणकारी एवं सतत् पारमार्थिक है। इस सत्य को अनुभूत करना ही अध्यात्म है। जो भूत, भविष्य में व्यापक है, जो दिव्यलोक का भी अधिष्ठाता है, उस ब्रह्म (परमेश्वर) को अपने भीतर अनुभूत करना ही अध्यात्म है। उपनिषद ब्रह्म विद्या को जानने या स्वयं को जानने में हमारी सहायता करते हैं। इनमें ब्रह्म विद्या का प्रतिपादन किया गया है। वेदों में बताए गए आध्यात्मिक सिद्धान्तों, विचारों को बहुत ही प्रभावशाली ढंग से समझाया गया है। इन्हीं सिद्धान्तों का निचोड़ श्रीमद् भागवत गीता है। सामान्य मानव की चेतना सिर्फ इन्द्रियों द्वारा जानी जाने वाली वस्तु व पदार्थों को ही देख सकती है। उससे परे नहीं देख सकती है। आध्यात्मिक चेतना बोध होने पर सबसे पहले चेतना बोध का परिवर्तन होता है। तब व्यक्ति को अनुभव होता है कि वह देह नहीं अथवा मन नहीं है, अपितु आत्मा है। यह लिख देना या कह देना आसान है, लेकिन इसका प्रत्यक्ष अनुभव इष्ट व सद्गुरु की कृपा से होने लगता है, इसके बाद चेतना का विस्तार होता है। ध्यान की गहराई में छिपा परम सत्य जब अनुभूत होता है तब हमें प्रत्यक्ष ज्ञान होता है कि हम सर्वव्यापी परमात्मा के अंश हैं। इसके और आगे बढ़ने पर अनुभव होता है कि ब्रह्म ही एकमात्र सत्ता है। जिसकी प्रज्ञा स्थिर है, जिसका आनन्द निर्विच्छिन्न है, जिसके लिए जगत प्रपंच विस्मृत हो गया है, वह जीव 'मुक्त' कहलाता है।

# अनुपयोगी एवं खुले नलकूप के जिओ टैगिंग सर्वे के संबंध में कोतमा व जैतहरी में बैठक सम्पन्न




(ब्यूरो राजेश शिवहरे)
**अनूपपुर।** अनुपयोगी एवं खुले नलकूप/बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोके जाने के संबंध में सुरक्षा उपाय हेतु जारी दिशानिर्देश के अनुरूप जिले के नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों के जनपद क्षेत्र में नलकूप खनन के पश्चात् उसकी सुरक्षा एवं नलकूप के खुले होने की स्थिति में सुरक्षात्मक कार्यवाही के संबंध में समुचित प्रशिक्षण एवं ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार एवं सर्वे कार्य के संबंध में जनपद पंचायत कोतमा, अनूपपुर, जैतहरी में बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक में यांत्रिकी अधिकारी तथा जनपद व नगरीय निकायों के अधिकारी व कार्यपालिक दण्डाधिकारियों के साथ ही पटवारी, हैण्डपंप तक्नीशियन, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा नगरीय निकाय के अमले को स्थापित नलकूप/अनुपयोगी नलकूपों का सर्वे कार्य एवं जिओ टैगिंग लोकेशन सहित 5 दिवस में सुनिश्चित करने के संबंध में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों से अवगत कराया गया।

कोतमा के जनपद सभागार में अनुविभागीय दण्डाधिकारी अजीत तिर्की तथा जनपद पंचायत जैतहरी सभागार में एसडीएम जैतहरी अंजली द्विवेदी व एसडीएम अनूपपुर दीपशिखा भगत की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दिशानिर्देश के अनुरूप सर्वेक्षण के संबंध में व सुरक्षात्मक उपाय के संबंध में अमले को अवगत कराया गया।

## ई-पेपर के विज्ञापन का भी कराना होगा प्री-प्रमाणीकरण

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि ई-पेपर पर दिए जाने वाले राजनैतिक विज्ञापन का भी प्री-सर्टिफिकेशन संबंधित राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार को करवाना जरूरी होगा। इसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को अपने स्वयं का सोशल मीडिया एकाउण्ट, वेबसाइट, ब्लॉग एवं ई-मेल आईडी की जानकारी नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ पत्र में अनिवार्य रूप से उल्लेखित करनी होगी।

आयोग के दिशा-निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार स्वयं का ब्लॉग, वेबसाइट अथवा सोशल मीडिया अकाउंट पर इस तरह की सामग्री चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पोस्ट या अपलोड करता है तो उसे राजनैतिक विज्ञापन नहीं माना जाएगा। इसके लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी से प्री-सर्टिफिकेशन लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

# एचएफ नस्ल की गाय ने जन्मे दो जुड़वा बच्चे

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)
**अनूपपुर।** जिले के नगर परिषद वरगवां के अमलई निवासी पशुपालक रंजू पुरी के यहां एच.एफ. नस्ल की गाय का कृत्रिम गर्भाधान (A.I.) के माध्यम से किए गए गर्भाधान से 22 अप्रैल को जुड़वा बच्चों को जन्म दिया, जिसमें एक बछड़ा तथा एक बछिया है जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ स्थिति में है।



इस संबंध में उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विकास अनूपपुर डॉ. ए.पी. पटेल ने बताया कि पशु पालन विभाग द्वारा पशु संरक्षण तथा पशु संवर्धन के तहत पशुओं का उपचार, टीकाकरण बधियाकरण आदि के साथ पालतू गाय, भैंस का कृत्रिम गर्भाधान (A.I.) कराया जा रहा है जिसके तहत प्रेग्नेंट पशु मालिक रंजू पुरी की एस.एफ. नस्ल की गाय का भी कृत्रिम गर्भाधान (A.I.) कराया गया रहा जिसने 22 अप्रैल को जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है जिसमें एक बछड़ा एवं एक बछिया का जन्म हुआ है गाय तथा जन्मे दोनों बच्चे स्वस्थ स्थिति में है।

## 10 वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित

# कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएँ

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)
**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट 2023-24 के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। जिले का हाईस्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम 70.29 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम 75.98 प्रतिशत रहा। अनूपपुर जिले ने 10 वीं की परीक्षा में प्रदेश की सूची में पांचवां स्थान तथा कक्षा 12 वी में चौथा स्थान अर्जित किया। अनूपपुर जिला शहडोल संभाग में प्रथम स्थान पर रहा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार हाईस्कूल 10 वीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची में लिटिल एन्जल्स कान्वेन्ट स्कूल राजनगर की छात्रा जीनत सिद्दीकी पिता रमजान अली सिद्दीकी ने 475 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय कोतमा की छात्रा गायत्री केवट पिता धरम दास केवट ने 468 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान, सरस्वती उ.मा. विद्यालय कोतमा के छात्र धनंजय शुक्ला पिता राजेश शुक्ला तथा शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अनूपपुर के छात्र धीरज पाण्डेय पिता सत्यनारायण पाण्डेय ने 466 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान अर्जित किया है। हायर सेकेण्डरी स्कूल 12 वीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची में शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय कोतमा के छात्र धनेष्वर सिंह पिता सुमेर सिंह ने 474 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अनूपपुर की छात्रा रोहणी सिंह राठौर पिता श्याम बिहारी राठौर ने 466 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान तथा विवेक शिक्षा निकेतन उ.मा. विद्यालय कोतमा की छात्रा दीपिका सिंह पिता श्री रामजीत सिंह ने 462 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान अर्जित किया है।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में जिला स्तरीय मेरिट सूची सहित जिले के अन्य सभी सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

# जनजातीय विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग द्वारा स्मार्ट शॉपिंग ट्रॉली के निर्माण से बाजार में नई क्रांति का जन्म होगा

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)
**अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के कॉमर्स विभाग के शोधार्थी अमित गुप्ता एवं अदिति सरावगी ने विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एक क्रांतिकारी स्मार्ट शॉपिंग ट्रॉली का आविष्कार किया है। यह ट्रॉली उत्पादों की पहचान कर उनका बिल तुरंत तैयार कर देती है, जिससे ग्राहकों को लंबी कतारों में खड़े होने से मुक्ति मिलेगी और उनका समय भी बचेगा। अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह अद्भुत ट्रॉली है। जिसके डिज़ाइन को हाल ही में भारत सरकार के पेटेंट ऑफिस में पंजीकृत किया गया है। इसमें सेंसर और RFID टैग का उपयोग करके उत्पादों की पहचान की जाएगी तत्पश्चात यह जानकारी तुरंत क्लाउड-आधारित सिस्टम को भेजी जाएगी अर्थात यह स्मार्ट शॉपिंग ट्रॉली न केवल ग्राहकों के लिए सुविधाजनक है,


The Patent Office, Government Of India
Certificate of Registration of Design



बल्कि इसमें कई अन्य आकर्षक विशेषताएं भी हैं जैसे - त्वरित बिलिंगअर्थात ट्रॉली में रखे गए सामानों को स्कैन करके तुरंत बिल तैयार हो जाता है, यह ग्राहकों को उत्पादों की कीमतों की तत्काल जानकारी प्रदान करता है, जिससे वे अपनी खरीदारी को बेहतर ढंग से नियोजित कर सकते हैं, यह ग्राहकों को अपने बजट के अनुसार खरीदारी करने में मदद करता है, ग्राहकों को लंबी कतारों में खड़े होने से बचाता है और खरीदारी का समय कम करता है।

पेटेंट मिलने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी जी ने पूरे कॉमर्स विभाग को बधाई देते हुए कहा कि 'इस सफलता ने, न सिर्फ कॉमर्स विभाग का अपितु पूरे विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। यह स्मार्ट शॉपिंग ट्रॉली निश्चित रूप से भारतीय शॉपिंग अनुभव में क्रांति लाएगी। यह न केवल ग्राहकों को सुविधा प्रदान करेगी बल्कि शॉपिंग मॉल और थोक व्यापारियों की दक्षता में भी सुधार करेगी। इसका प्रत्यक्ष लाभ ग्राहक और व्यापारियों को मिलेगा'। इस अवसर पर कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि 'पिछले दो वर्षों के इसके डिजाइन पर काम चल रहा था जो अब आधिकारिक रूप से पेटेंट आफिस में रजिस्टर्ड है। यह स्मार्ट शॉपिंग ट्रॉली न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में खरीदारी के परंपरागत तरीके को बदलने की क्षमता रखती है। यह पेटेंट निश्चित रूप से आने वाले समय में खरीदारी को अधिक सुखद और सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा'।

# मेंटेनेंस के कारण 26 से 30 अप्रैल तक विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरूद्ध

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि (संचा./संधा.) उप संभाग कोतमा अंतर्गत सब स्टेशन कोतमा में आने वाले 33 केव्ही लाईन में अति आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाना है, जिसके कारण 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोतमा एवं बिजुरी से निकलने वाली समस्त 33 केव्ही व 11 केव्ही लाईनों का विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा। उन्होंने बताया है कि 26 अप्रैल 2024 को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोतमा, पसान, परासी के अंतर्गत आने वाले शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33 केव्ही लाइन अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 27 अप्रैल 2024 को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र आमाडांड व एसईसीएल जमुना कोतमा के सभी एच.टी. उपभोक्ताओं के यहां व आवासीय कालोनी जमुना, भालूमाड़ा, गोविंदा क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बिजुरी शहरी, ग्रामीण व एसईसीएल के सभी एच.टी. उपभोक्ताओं के यहां व बिजुरी आवासीय कालोनी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 28 अप्रैल 2024 को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र निगवानी के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33/11 केव्ही राजनगर फीडर अंतर्गत आने वाले रेलवे, एसईसीएल के सभी एच.टी. उपभोक्ताओं व राजनगर एसईसीएल आवासीय कालोनी क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 29 अप्रैल 2024 को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवासीय कालोनी जमुना, भालूमाड़ा, गोविंदा क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कटमटोला के अंतर्गत आने वाले कोतमा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 30 अप्रैल 2024 को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवासीय कालोनी जमुना, भालूमाड़ा, गोविंदा क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा।

## जिला आगर मालवा के फरार आरोपी व 10 हजार के ईनामी को थाना रामनगर पुलिस ने दबोचा

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को पुलिस अधीक्षक आगर मालवा के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की आगर मालवा जिले का मोस्ट वांटेड आरोपी एवं माननीय उच्च न्यायालय का गिरफ्तारी वारंटी नितिन अटल पिता स्वर्गीय घनश्याम दास अटल निवासी मालीखेड़ी रोड आगर, थाना कोतवाली, जिला आगर मालवा, जिला अनूपपुर की सीमा में है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जिला आगर मालवा द्वारा ?10,000 का इनाम उदघोषित किया गया था। सूचना को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी रामनगर को त्वरित कार्यवाही करते हुए फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर थाना रामनगर के उप निरीक्षक श्यामलाल मरावी के द्वारा थाना रामनगर की पुलिस टीम के साथ रामनगर घुटरी टोला, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ बार्डर जिला अनूपपुर में घेराबन्दी कर फरार आरोपी नितिन अटल को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर जिला आगर मालवा की पुलिस टीम के प्रभारी डीएसपी मोतीराम कुशवाहा को सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन में थाना रामनगर के उप निरीक्षक श्यामलाल मरावी, आरक्षक नरेंद्र मसराम, रिंकू गोले एवं आर. राहुल प्रजापति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राष्ट्रीय हिन्दू महासभा ने किया वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार राजू का सम्मान



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**सहारनपुर।** आज राष्ट्रीय हिंदू महासभा के पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार राजू के आवास पर आए और उनके द्वारा किए गई कार्य कार्यों की और सम्मान पत्र देकर और अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकुमार राजू ने प्रदीप सोनी के नेतृत्व में आए सभी पदाधिकारी को आश्वासन दिया कि वह हिंदू महासभा के साथ है और और हमेशा रहेंगे।

# वैश्विक नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी: राजाराम शिवहरे




-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा नर्मदापुरम जिला की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री नर्मदापुरम संभाग एवं विदिशा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी राजाराम शिवहरे ने उपस्थित सभी पदाधिकारी से कहा कि आगामी 26 अप्रैल को नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी दर्शन चौधरी को प्रचंड बहुमत से जिताने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी को प्रत्येक घर में जाकर वोट डालने का निमंत्रण देना है। राजाराम शिवहरे ने हर घर से मतदान हो, 100 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर हम कार्य करें, प्रत्येक पदाधिकारी प्रतिदिन कम से कम 10 घरों में मतदान करने का निमंत्रण पत्र लेकर के जाए ताकि कोई भी व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहे और प्रत्येक मतदान करने वाले महानुभाव को यह गर्व होना चाहिए कि मैं राष्ट्र निर्माण हेतु दर्शन चौधरी को चुनकर भेज रहा हूं, साथ ही साथ नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में भारत का प्रत्येक नागरिक देखना चाहता है, क्योंकि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। आज संपूर्ण राष्ट्र में राष्ट्रवादी विचारधारा प्रचारित और प्रसारित हो रही है। राजाराम शिवहरे ने कहा कि आज कांग्रेस को लोकसभा में प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं और नर्मदापुरम लोकसभा संसदीय क्षेत्र के हालात यह है कि जो प्रत्याशी खड़ा है वह क्षेत्र की जनता के सम्पर्क में नहीं है, इसलिए उनको बूथ पर बैठने के लिए कार्यकर्ता भी नहीं मिलेंगे। बैठक को जिले के अध्यक्ष जय किशोर चौधरी ने भी संबोधित किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की विकासवादी रीति का वर्णन किया, साथ ही साथ श्रीराम निवास गुर्जर, राजीव जायसवाल, नरेश यादव आदि ने संबोधित किया। आभार महामंत्री द्वारा व्यक्त किया गया।

## महिलाओं ने स्वीप गतिविधियां संचालित की

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार मुरैना में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिये स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत तिलोंजरी में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बूथ की साफ-सफाई की।

# शाला से बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये जाने पर 6 कर्मचारी निलंबित

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य को ध्यान में रखते हुये मतदान कर्मियों को ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट का सामान्य प्रशिक्षण पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में दिया जा चुका है। किन्तु विद्यालय से कई शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये हैं। उन शिक्षकों को कलेक्टर अंकित अस्थाना ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किये हैं। जिनमें शासकीय माध्यमिक विद्यालय जखोदा के माध्यमिक शिक्षक दर्शनलाल वर्मा, शासकीय हाईस्कूल चचिहा के माध्यमिक शिक्षक ममता निवोरिया, शासकीय प्राथमिक विद्यालय खेरिया के माध्यमिक शिक्षक गजेन्द्र कुमार शर्मा, शासकीय आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी हरिशंकर शाक्य, शासकीय उच्चतर मॉडल माध्यमिक विद्यालय जौरा के माध्यमिक शिक्षक श्रीमती अरूणा सक्सेना और शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना के भृत्य शिवकुमार थापा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



# फार्मा कंपनी के मैनेजर के घर से सवा छह लाख की चोरी

**ग्वालियर।** बच्चों को गांव छोडने के लिए गए फार्मा कंपनी के मैनेजर के घर पर चोरों ने धावा बोल दिया और 40 हजार की नगदी, सात तोला वजनी सोने व चांदी के जेवरों सहित सामान समेट ले गए। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के पारस विहार की है। घटना का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

झांसी रोड थाना क्षेत्र के पारस विहार निवासी शिवचरण सिंह पुत्र मलखान सिंह बघेल फार्मा कंपनी में मैनेजर है और मूल रूप से आंतरी के रहने वाले हैं। बच्चों के एग्जाम होने पर बीते रोज वह बच्चों को लेकर आंतरी में उनके दादा-दादी के पास छोडने के लिए गए थे और घर पर ताला डाल गए थे। इसी बीच चोरों ने उनके घर के ताले चटकाकर वारदात को अंजाम दिया। घटना का पता शाम को चला जब वह घर वापस आए तो घर के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। मामला समझ में आते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया। चोर शिवचरण के घर से हार तीन तोला, सोने की चेन तीन तोला वजनी, दो अंगूठी करीब एक तोला वजनी के साथ ही चांदी की तोडिया और पायजेब के साथ ही चालीस हजार रुपए नगदी, स्कार्पियो और ट्रॉला के दस्तावेज के साथ ही एक लैपटॉप व अन्य कीमती सामान पार कर ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मैनेजर के घर के पास ही एक अन्य मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, अब पुलिस उन्हें खंगालकर चोरों का पता लगाने में जुट गई है।

### चाचा का देहांत होने पर गांव गये गृहस्वामी के सूने घर के ताले चटकाकर नगदी-गहने चोरी

चाचा का देहांत होने पर गांव गये एक गृहस्वामी के सूने घर के ताले चटकाकर चोर 40 हजार रूपये की नगदी सहित सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के ओमनगर निवासी अमित सिंह भदौरिया पुत्र चंदन जबलपुर में एक कंपनी में प्राइवेट जॉब करते हैं। कुछ दिन पहले उनके चाचा का देहांत हो गया था पूरा परिवार घर पर ताले डालकर गांव मानहड़ चला गया था। सूना घर देखकर चोरों ने धावा बोला और अलमारी में रखे सोने व चांदी के आभूषणों के साथ ही चालीस हजार रुपए चोरी कर ले गए। वारदात का पता उस समय चला जब पड़ोसियों ने उनके घर के ताले टूटे देखे तो उन्हें सूचना दी। सूचना मिलते ही वह वापस आए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। चोरी गए माल की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए बताई गई है।

# घर से खेलने निकला बालक बरेली में घूमता मिला

**ग्वालियर।** घर से खेलने की कहकर निकले गायब बालक को



महाराजपुरा थाना पुलिस ने बरेली उत्तरप्रदेश से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द किया तो परिजनों ने राहत की सांस ली है।

अति. पुलिस अधीक्षक शियाज़ के.एम ने बताया कि महाराजपुरा थाना क्षेत्र के एच ब्लाक 145 शताब्दीपुरम में रहने वाली गुड्डन सेंगर पत्नी स्व. जोगेन्द्र के 15 वर्षीय बेटे शांतनु सिंह को पुलिस ने सकुशल बरेली से बरामद कर उसकी मां के सुपुर्द कर दिया है। उन्होंने बताया कि गुड्डन ने महाराजपुरा थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि उसका बेटा शांतनु बीती 11 अप्रैल को घर से खेलने की कहकर निकला था। फिर वापस नहीं लौटा। इस शिकायत के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और थाना प्रभारी महाराजपुरा धर्मेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम को गायब बालक शांतनु की पतारसी हेतु लगाया गया। जिसके बाद पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र एवं ग्वालियर से बाहर जाने वाले रास्तों के सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज देखे तथा सोशल मीडिया पर गायब बालक के संबंध में फोटो डाले गये। जिस पर से लोगों के द्वारा उक्त हुलिये का लड़का बरेली उ0प्र0 में देखा जाना बताया गया। इस सूचना पर बरेली के लिये पुलिस की एक टीम को रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा बरेली में जाकर बालक को बरैली रेलवे स्टेशन के पास से सकुशल दस्तयाब किया गया। पुलिस द्वारा बालक से पूछताछ की गर्ठ तो उसने बताया कि वह अपनी मर्जी से घूमने बरेली आया था एवं अपने साथ कोई अप्रिय घटना घटित होना नही बताया। जिसके बाद बालक को उसकी मां गुड्डन सेंगर के सुपुर्द किया गया। बालक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने थाना महाराजपुरा पुलिस का आभार व्यक्त किया और पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही की सराहना की।

### पति करता था मारपीट, इसलिए दी शिवानी ने जान, पति के खिलाफमामला दर्ज

**ग्वालियर।** नशेड़ी पति की मारपीट और दहेज की मांग से तंग आकर शिवानी ने फांसी लगाकर जान दी थी। घटना सिरोल थाना क्षेत्र के बी ब्लॉक हुरावली की है। पुलिस ने मर्ग की जांच के बाद पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। सिरोल थाना क्षेत्र के बी ब्लॉक हुरावली निवासी शिवानी यादव पत्नी हरिओम यादव ने फांसी लगाकर जान दी थी। मामले की जांच की तो पता चला कि शादी के कुछ समय बाद ही मृतिका का पति शराब के नशे में उसकी मारपीट करता था, साथ ही उससे मायके से दहेज में कार खरीदने के लिए रूपयों की मांग करता था। कई बार समझाने के बाद भी उसकी आदतों में परिवर्तन नहीं आया और वह उसे परेशान करता था, जिससे तंग आकर उसने फांसी लगाकर जान दी थी। मामले की जांच के बाद सिरोल थाना पुलिस ने पति हरिओम के खिलाफदहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## रुद्र महायज्ञ के समापन पर भक्तों को वितरित किए रुद्राक्ष फल

**ग्वालियर।** श्री बालाजी मठ मंदिर लोकन्यास द्वारा जिला पंचायत कार्यालय के सामने स्थित प्रांगण में



आयोजित शिव महापुराण कथा और श्री रुद्र महायज्ञ का समापन हो गया। महायज्ञ के समापन पर धूमेश्वर धाम के सेवक हंसवन महाराज (भाऊ बाबा) द्वारा महायज्ञ में मौजूद भक्तों को रुद्राक्ष फल का वितरित किए गए। न्यास के अध्यक्ष भानु प्रताप दुबे और सचिव ज्योति दुबे की उपस्थिति में वेदाचार्य पं. चेतन शर्मा ने भक्तों से यज्ञ में वेदमंत्रों के साथ पूर्णाहुति डलवाई।

इस अवसर पर हंसवन महाराज ने कहा कि रूद्राक्ष को धारण करने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। आयुर्वेद के अनुसार रूद्राक्ष कफनिवारक व वायुविकार नाशक भी है। रूद्राक्ष का उपयोग ग्रहों के कुप्रभावों को दूर करने के लिए भी किया जाता है। जिस प्रकार रत्न व उपरत्न से ग्रहों के दोष दूर होते है, उसी प्रकार रूद्राक्षों से भी ग्रहों के दोषों का निवारण संभव होता है। इसे धारण करने से आत्मविश्वास और मन की शांति प्राप्त होती है एवं इसे धारण करने से कई तरह के पाप दूर होते हैं। रूद्राक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश की त्रिगुणात्मक शक्तियां होतीं हैं। रुद्राक्ष परम शांति, खुशहाली दिलाने वाला होता है। इसे धारण करने से घर में सुख-संपत्ति, यश, सौभाग्य का लाभ होता है।

# छात्राओं ने संगीतमयी नृत्य नाटिका के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

**ग्वालियर।** मोको करनो है मतदान कि पोलिंग ले चल लांगुरिया लोकगीत की धुन पर शासकीय पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने मतदान पर केन्द्रित संगीतमयी नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही सभी को मतदान करने का संदेश दिया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन एवं संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े सहित कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने इस प्रस्तुति की खुलकर सराहना की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने इस अवसर पर सभी को लोकतंत्र के महापर्व 7 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई। साथ ही स्वयं वोट डालने एवं अपने परिजनों, मित्रों व पड़ोसियों को मतदान के लिये प्रेरित करने का आह्वान किया।

स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत बुधवार को तानसेन रेसीडेंसी में



आयोजित हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में यह प्रस्तुति हुई। पद्मा विद्यालय के आचार्य बृजेश यादव के निर्देशन व छात्रा कु. कामाक्षी की कोरियोग्राफी में महिलाओं द्वारा संचालित ÷पिंक बूथ÷ सहित मतदान के महत्व को रेखांकित कर रही मनोहारी प्रस्तुति को दर्शकों की खूब सराहना मिली। संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने इस उत्कृष्ट प्रस्तुति से खुश होकर कु. कामाक्षी को स्वीप का ब्राण्ड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की। साथ ही कहा कि जिले में जगह-जगह इस नृत्य नाटिका का मंचन कराकर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित कराया जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने कहा कि मतदान करने में ग्वालियर जिला प्रदेश में बहुत पीछे है। पिछले विधानसभा चुनाव में ग्वालियर जिले का मतदान प्रतिशत मात्र 60 प्रतिशत रहा, जबकि प्रदेश का औसत 78 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हम सभी को वोट के माध्यम से सरकार चुनने का अधिकार है। इसका हम सभी को अपने वोट का उपयोग करना चाहिए। इस बार के लोकसभा चुनाव में सभी बढ़चढ़कर मतदान के लिये आगे आएं। सभी लोग न केवल स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर अरविंद सक्सेना, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विवेक श्रोत्रिय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं शहर के वरिष्ठ व युवा मतदाता मौजूद थे।

## प्रकृति के संरक्षण में ही हमारा स्वयं का पोषण, संवर्धन है: बुटोलिया

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग ग्वालियर के आनंदकों द्वारा अंर्तराष्ट्रीय मातृभूमि दिवस पर वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें सभी आनंदकों ने अपने विचार व्यक्त किए। मास्टर ट्रेनर केके बुटोलिया ने कहा कि हमारे जन्म से पहले ही हमारे लिए प्रचुर मात्रा में आवश्यक सुविधाओं को मातृभूमि तैयार रखती है तथा हमारे लिए कभी भी कमी नहीं होने देती।

केके बुटोलिया ने कहा कि पृथ्वी की हर इकाई स्वयं में व्यवस्थित है व पृथ्वी स्वयं पर्यावरण के संरक्षण में यथासम्भव सहयोग करती है। इसके विपरित मानव प्रकृति का दोहन करता है। पर्यावरण को क्षति पहुँचाते रहते हैं। आज हमको सही समझ के साथ अनावश्यक प्रकृति का दोहन बंद कर दें तो बड़ा योगदान होगा। इसी क्रम में सभी आनंदकों ने अपने विचार प्रगट करते हुए कहा कि धरती हमारी माता है तो माँ की देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। यदि मानव स्वयं में व्यवस्थित हो जाए तो सारी व्यवस्था सुधर जाएगी। वेबीनार में में आनंद विभाग के जिला संपर्क व्यक्ति हेमंत त्रिवेदी, जिला योग प्रभारी दिनेश चाकनकर, ऋषिकेश वशिष्ठ, प्रेमांजलि त्रिवेदी, अरुण शर्मा, रेखा श्रीवास्तव,चेतन चौहान, गजेंद्र सरकार, मुन्ना सिंह परिहार, तृप्ति शर्मा, सपना पांडे, अनीता तोमर, चारु सोनी, स्वप्निल त्रिपाठी, मनीष कुबेर, रामलाल साहू, डॉ पारुल वर्मा, डॉ पंकज मौर्या, डॉ अनूप यादव, जीवन रजक एवं रंजना पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारती शाक्य एवं आभार हेमंत त्रिवेदी ने व्यक्त किया।

## सरई फूल व पवित्र जल से की सरना देवी की पूजा, नृत्य और गीत गाकर किया आराध्य देव को खुश

**ग्वालियर।** उरांव एवं अन्य आदिवासी समाज संगठन समिति के तत्वावधान में आदिवासी समाज का मुख्य पर्व सरहुल ( खद्दी पर्व) शहर में पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस मौके पर सरना माय धरती माता का देव स्थान जिगसोली में पारंपरिक तरीका से पूजा अर्चना की गई। साथ ही मांदर की थाप पर समाज के लोगों ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया।

उरांव समाज के सचिव रामेश्वर राम पटेल ने बताया कि सरहुल पर्व के अवसर पर सुबह जिगसोली स्थित सरना स्थल पर पुजारी रघुवीर भगत ने सरई फूल व पवित्र जल से मां सरना देवी की पूजा की। शाम को गांधी रोड किरार भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उरांव आदिवासी समाज के युवक युवतियों



ने नृत्य, गीत गाकर आराध्य देव आदिदेव को खुश किया। वहीं रात में भक्तों ने माता पार्वती की विधि विधान से पूजा की और रात्रि जागरण किया। जागरण के दौरान चांद तारों का गुणगान किया। कार्यक्रम में गेंदों भगत, मनमति भगत, ललमंती, संजीता, बसंती, ऊषा, जीवन्ति, जिरमैत, मंजू, फूलमणि, फिरनी, बालस्पति, गंगोत्री, महेश्वरी, कमला, सिद्धेश्वरी, अमरबलिमा, रामेश्वरी, दीप, सरस्वती, उर्मिला, गायत्री, सियामनी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के सचिव रामेश्वर राम पटेल ने बताया कि उरांव जनजाति समाज के झंडे का रंग सफेद होता जिसमें लाल रंग से चांद और सूरज बने होते हैं। झंडे का सफेद रंग शांति का एवं उसमें दिया लाल रंग शौर्य व मेहनत का प्रतीक है। सरना पूजा के पश्चात ही खेतों में खाद देना एवं बीज की बोने का कार्य किया जाता है। इस मौके पर संस्था के संरक्षक महेश राम भगत, सचिव रामेश्वर राम पटेल, अध्यक्ष जगपति भगत, कोषाध्यक्ष जतरु भगत, उप सचिव गुरुचरण राम भगत, बैगा रघुवीर भगत, सुखदेव भगत, पतरु राम भगत, अध्यक्ष जगपति भगत उपस्थित थे।

## कर्मचारी की चुगली से तंग आकर दी थी वृद्ध गार्ड ने जान

**ग्वालियर।** वृद्ध गार्ड ने कर्मचारी की चुगली के कारण मालिक द्वारा नाराज होने पर फांसी लगाकर जान दी थी। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के जैन क्लीनिक माण्डरे की माता मंदिर के पास अक्टूबर 2023 की है। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार क्लीनिक कर्मचारी को बताया था। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी कर्मचारी पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया है।

गांधी नगर भिण्ड निवासी 65 वर्षीय गेंदा लाल पुत्र पुंद्दी लाल राठौर जैन क्लीनिक पर गार्ड का काम करता था। यहां पर विजय शर्मा भी काम करता था और सुसाइड करने से कुछ दिन पहले गेंदालाल की चुगली मालिक से की थी।

चुगली पर मालिक ने गार्ड की डांट लगाई थी और इससे दुखी होकर गेंदा लाल ने रेलिंग से फांसी लगाकर जान दी थी। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए विजय शर्मा को जिम्मेदार बताया था। पुलिस ने सुसाइड नोट को निगरानी में लेकर जांच की और जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मेरा पहला वोट देश के नाम नुक्कड नाटक हुआ



**ग्वालियर।** कृषि महाविद्यालय ग्वालियर के एन.एस.एस. कक्ष में महाविद्यालय के बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों व एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए समूहों में ''मेरा पहला वोट देश के लिए'' विषय पर नुक्कड नाटक प्रस्तुत किए। उन्होंने देश के लिए मतदान करने की शपथ भी ली। कार्यक्रम में एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. शोभना गुप्ता, प्रो. सुधीर सिंह, डॉ. प्रशांत शर्मा, डॉ. नेहा पांडे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 92 विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति दी गई ।

### कांग्रेसी आज सराफा बाजार में करेंगे जनसंपर्क

**ग्वालियर।** कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक के समर्थन में जिलाध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा आज 25 अप्रैल को जनसंपर्क कार्यक्रम है। डा. शर्मा सायं 5 बजे सराफा बाजार चुनाव कार्यालय से जनसंपर्क प्रारंभ कर 17 दक्षिण विधानसभा के प्रमुख बाजार में दुकानदारों, व्यापारियों, हाथ ठेला लगाने वाले, महिलाओं, बुजुर्गों से संपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील करेंगे।

### खुले में कचरा फेंकने पर 10 हजार का वसूला जुर्माना



**ग्वालियर।** शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत खुले में कचरा डालने वालों के खिलाफ निगम के अमले ने कार्रवाई कर 10 हजार रूपये का जुर्माना वसूला है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि शहर को साफसुथरा बनाए रखने के लिए निरंतर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी कोई गंदगी फैलाता है तो उसके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही त्वरित की जा रही है। जिसके तहत बुधवार को मलगढ़ा चौराहे के पास मऊ पुल के नीचे प्रायवेट ट्रेक्टर को खुले में कचड़ा डालते हुये पकड़ा। खुले में कचरा डालने पर 10 हजार रूपये का जुर्माना किया गया।

## होटल, मैरीज गार्डन, अस्पताल, मल्टी, स्कूलों की जांच कर कमी मिलने पर कार्रवाई करें: निगमायुक्त

**ग्वालियर ।** शहर में बीते दिनों हुई आगजनी की घटनाओं के बाद निगम का अमला सहित निगम आयुक्त हर्ष सिंह भी एक्शन मोड पर आ गये और बुधवार को बालभवन में अपने अधीनस्थों के साथ बैठक कर मैरिज गार्डन, होटल, हॉस्पिटल, मल्टी, स्कूल आदि की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



बैठक में निगम आयुक्त सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में संचालित मैरिज गार्डन, हॉस्पिटल, होटल, मल्टी, स्कूल आदि की संघन जांच करें तथा समस्त प्रकार की परमीशन, पार्किंग आदि कमियां मिलने पर सख्त कार्यवाही करें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि शहर में भयप्रद भवनों की सूची बनाकर नोटिस जारी करें और भवनों को चिन्हित कर उन्हें रिक्त कराने के लिए संबंधित एसडीएम को पत्र लिखकर अवगत करायें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैरिज गार्डन, हॉस्पिटल, होटल, मल्टी, स्कूल आदि सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के लिए संचालकों को सात दिवस का नोटिस जारी करें।

बैठक में निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि शहर में जहां भी अवैध निर्माण हो रहा है उस पर जुर्माने की कार्यवाही करे। इसके साथ ही जहां भी तलघरों का उपयोग पार्किंग का न होकर अवैध रूप से किसी अन्य कार्य के लिए किया जा रहा है, उन पर भी कार्यवाही करें। साथ ही कहा कि बिना परमिशन के कोई भी तलघर का निर्माण न हो संबंधित अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर देखें। बैठक में सिटी प्लानर पवन सिंघल, सहायक सिटी प्लानर प्रदीप जादौन, विधि अधिकारी अनूप लिटोरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो पहिया वाहन पर बैठकर निरीक्षण के लिये निकले निगमायुक्त

**ग्वालियर ।** शहरवासियों की समस्याओं को सुनने बुधवार को निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने दो पहिया वाहन पर बैठकर निकले और शहर में निरीक्षण कर आमजन की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।



निगमायुक्त सिंह दो पहिया वाहन पर बैठकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे और निरीक्षण के दौरान पाया कि शहर में मुख्य मार्गों पर ऊंचे नीचे चेम्बर, सड़कों पर गड्ढे बने हुए हैं जिससे यातायात यातायात सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। उन्होंने उक्त समस्याओं का निराकरण तीन दिवस में कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने लेफ्ट टर्न फ्री रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री सिंह ने अपने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि वह प्रतिदिन दो पहिया वाहन से क्षेत्र में भ्रमण कर विभिन्न समस्याओं का निराकरण करायें। निगमायुक्त सिंह ने मोती महल, नदीगेट, शिंदे की छावनी, फूलबाग, सेवा नगर, किलागेट, 6 नम्बर चौराहा, बारादरी, मुरार आदि स्थानों का निरीक्षण दो पहिया वाहन पर बैठकर किया तथा निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां मिली उनका निराकरण शीघ्र कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एपीएस भदौरिया, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा एवं कार्यपालन यंत्री श्रीकांत कांटे, सहायक सिटी प्लानर प्रदीप जादौन, सीसीओ सुशील कटारे, सुरेश अहिरवार, सहायक यंत्री महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, राकेश कश्यप, क्षेत्राधिकारी विपिन दुबे सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क पर खड़ी आयसर से टकराया बाइक सवार, मौके पर ही मौत

**ग्वालियर।** शादी में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहा युवक सड़क पर खड़ी आयसर लोडिंग से जा टकराया। हादसे में घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के रूद्र ढाबा के पास की है। घटना का पता चलते ही पुरानी छावनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर मृतक का शव पीएम हाउस भेज दिया है।

बानमोर निवासी प्रदीप गुर्जर पुत्र देशराज सिंह अपने पिता, मां तथा चचेरे भाई रवि के साथ भितरवार में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहा था। अभी वह रूद्र होटल के पास पहुंचा ही था कि तभी सड़क पर खड़े आयसर लोडिंग सीजी04एनवी 2127 से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर घायल हो गया। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 108 एम्बुलेंसों की हुई जांच, मिली कमियां

**ग्वालियर।** कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर बुधवार को जिला नोडल अधिकारी आई.पी. निवारिया ने 108 एम्बुलेंसों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 6 एम्बुलेंसों में दवा तो कुछ में सफाई कम मिली तथा कुछ में उपकरण खराब मिले।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. राजौरिया ने बताया कि आने वाले 7 मई के लोकसभा चुनाव में स्वास्थ्य से संबंधित किसी तरह की समस्या न हो



इसलिए सभी 108 एम्बुलेंसों का निरीक्षण किया गया तथा जो भी कमियां पाई गई उन्हें सही कराने के निर्देश दिये गये। वहीं स्टेशन पर 108 एम्बुलेंस लेट पहुंचने पर मरीज को हुई परेशानी के लिए मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हेतु पत्र मिशन संचालक एन.एच.एम मध्यप्रदेश को लिखा।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि 108 एम्बुलेंस मरीज को लेने समय पर पहुंचे। इसके लिए जरूरी है कि संबंधितों को निर्देश दिए जाए कि वे नियम अनुसार निर्धारित समय पर मरीज को लेने समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही उन्होंने एक पत्र स्टेशन डायरेक्टर को भी लिखा है। जिसमें उन्होंने लिखा कि 108 एम्बुलेंस 24 घंटे स्टेशन पर खड़ी नहीं रह सकती। जबकि स्टेशन पर तत्काल एम्बुलेंस की आवश्यकता होती है इसलिए रेलवे की ओर से एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाये। अगर 108 उपलब्ध रहती है तो 108 एम्बुलेंस की सेवाएं मिलती रहेगी।

JKTYRE

दिनांक 24.04.2024

**कार्य पर उपस्थित होने हेतु**

श्री शिवदयाल
कार्ड नं. 32014/13537

आप हमारे संस्थान में बतौर प्रोडक्शन ऑपरेटिव कार्यरत हैं। आप दिनांक 01.12.2023 से बिना पूर्व सूचना के व पूर्व अवकाश स्वीकृत कराये अपने कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं, जिससे संस्थान की कार्यव्यवस्था तथा अनुशासन भंग हो रहा हैं। आपको पूर्व में भी कई बार मौखिक व लिखित रूप से कार्य पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया था परन्तु आप ऐन केन कारणों से आज दिनांक तक अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हो रहे है। जो यह दर्शित करता है कि आप बिना कार्य के संस्थान से अनुचित लाभ प्राप्त करना चाहते हैं।
अतः नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का पालन करते हुये आपसे किए गए पत्राचार के उपरांत भी कार्य पर उपस्थित नहीं होने के कारण आपको इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि आप आगामी तीन दिवस में कार्य पर उपस्थित होवें, यदि आपके द्वारा अपनी उपस्थिति निर्धारित समयावधि में दर्ज नहीं कराई जाती है, तो संस्थान आगे की वैधानिक कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा, जिसकी पूर्ण जबावदारी आपकी होगी।

आज्ञा से
जे.के. टायर प्रबंधन

## संपादकीय

# सेहत सुरक्षा-कवच

भारत जैसे देश में जहां सेवानिवृत्त लोगों व बुजुर्गों के लिये पश्चिमी देशों की तरह चिकित्सा सुविधाओं का कवच नहीं है, वहां लोगों की अंतिम उम्मीद खुद खरीदी गई बीमा पॉलिसियों पर टिक जाती है। लेकिन बीमा कंपनियों के निरंकुश व्यवहार और उपचार के बाद बिलों के भुगतान में किंतु-परंतु के चलते वृद्धों को यह भरोसा नहीं होता कि बीमा कंपनियां उनके उपचार का पूरा पैसा उपलब्ध करा देंगी। बहरहाल, स्वास्थ्य सेवा तंत्र को अधिक समावेशी और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले व्यक्तियों के लिये 65 वर्ष की आयु सीमा को हटा दिया है। हाल ही में एक अधिसूचना में बीमा नियामक ने बीमाकर्ताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे सभी आयु समूहों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पेश करें। अकसर देखा गया है कि बीमा कंपनियां व एजेंट अधिक उम्र वाले लोगों को तब जीवन रक्षक पॉलिसी देने से मना कर देते हैं जब उनको इसकी जरूरत होती है। इतनी ही नहीं कंपनी के हित में बनायी गई पुरानी नीतियों के आधार पर कई दावों को खारिज कर दिया जाता है। बीमा नियामक द्वारा बीमा कंपनियों को पहले से निर्धारित स्थितियों के आधार पर दावों को खारिज करने से रोका गया है। बीमा नियामक ने कहा है कि बीमाकर्ता अब कैंसर, हृदय रोग व गुर्दे के काम न करने पर, एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से इनकार नहीं कर सकते। निश्चित रूप से यह तार्किक स्थिति है कि सेवानिवृत्ति के बाद आय के साधन सिमटने, शरीर द्वारा साथ न देने व अपनों का साथ छूटने से लाचार व्यक्ति को उपचार के लिये अब चिकित्सा बीमा कवच मिल सकेगा। निस्संदेह, इस तरह के कई गंभीर रोगों से ग्रस्त लोग चिकित्सा बीमा न मिल पाने की स्थिति में गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। कोरोना संकट के दौरान कई परिवारों ने गरीबी के दुश्चक्र में फंसने के मामले सामने आए हैं।

निश्चित रूप से बीमा नियामक की यह पहल वक्त की जरूरत के हिसाब से एक कल्याणकारी व्यवस्था की तरफ बढ़ा कदम है। यदि बुजुर्गों को बीमा सुविधा मिलने लगेगी तो वे अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के झटकों को झेलने के लिये पहले से ही बेहतर तैयारी कर सकते हैं। निश्चित रूप से यह सुविधा उस देश के लिये बदलावकारी हो सकती है जहां कि युवा आबादी बुजुर्ग आबादी की दिशा में बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार वर्ष 2050 तक वरिष्ठ नागरिकों की संख्या देश की कुल आबादी की बीस प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। ऐसे में बेहतर जीवन प्रत्याशा हेतु और महिलाओं की सेहत हेतु स्वास्थ्य बीमा का खासा प्रभाव हो सकता है। लेकिन इस बात में दो राय नहीं कि बीमा उत्पादों को उपभोक्ता-अनुकूल बनाने की सख्त जरूरत है। दरअसल, आम उपभोक्ता शब्दजाल और बीमा पॉलिसियों की जटिलताओं के कारण बीमा उत्पादों को खरीदने से संकोच करते हैं। कई अस्पष्टताएं व किंतु-परंतु पॉलिसीधारक के मन में संदेह और अनिश्चितता उत्पन्न करते हैं। वहीं दूसरी तरफ लाभों व जोखिमों के बारे में गलत सूचना या अपर्याप्त जानकारी उपभोक्ताओं के शोषण व परेशानी का सबब बनती है। इसलिए जरूरी है कि ग्राहकों का विश्वास हासिल करने के लिये पारदर्शी व परेशानी मुक्त दावा निपटान की व्यवस्था हो। इसके साथ ही बीमा भुगतान से जुड़ी धांधलियों पर अंकुश लगाने के लिए मजबूत तंत्र बनाया जाए। वर्ष 2023 में किये गए एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग साठ फीसदी भारतीय बीमा कंपनियों में धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। खासकर जीवन और स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में। जिसके नियमन के लिये- झूठे दावे करने, प्रदान की गई सेवाओं के लिये शुल्क बढ़ाने और चिकित्सकीय रूप से अनावश्यक सेवाओं के लिये बिलिंग करना जैसी अनियमितताओं पर अंकुश लगाने की जरूरत है। जिसके लिये एक कुशल निगरानी तंत्र बनाना भी आवश्यक है।

# जलवायु संकट से जीवन रक्षा का अधिकार

**वर्ष 2005 में केंद्रीय सरकार द्वारा प्रदत्त धन से पर्यावरण संबंधित प्रभावों पर एक अध्ययन हुआ था। इसके उद्देश्यों में योजनाएं एवं निवारण कार्यक्रम का सुझाव देने के अलावा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बनी स्थिति में राहत उपाय (सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, वानिकी, चक्रवात शरणस्थली) की शिनाख्त करना और उन पर होने वाले खर्च का अनुमान देना था। इसके निष्कर्ष चौंकाने वाले थे, भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 1.8 प्रतिशत इस किस्म के कार्यक्रमों के ऊपर खर्च हुआ था, यह व्यय भारत के रक्षा बजट जितना था। हो सकता है बाद में यह मात्रा और बढ़ गई हो।**

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन एवं आजादी की सुरक्षा) के दायरे को विस्तार देते हुए स्वतंत्रता के अधिकार या जलवायु परिवर्तन के विपरीत प्रभावों से सुरक्षा की आजादी को मान्यता दी है। सर्वप्रथम तो यह स्पष्ट हो कि आखिर 'अधिकार' का अर्थ क्या है। 'अधिकार' किसी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा किया वह दावा है (जैसे कि महिला, एलजीबीटीक्यूआईए इत्यादि) जिसकी अहमियत इसकी कीमतों और फायदों से कहीं ऊपर होती है। उदाहरणार्थ, एक पुलिसकर्मी यह दलील नहीं दे सकता कि किसी विधवा के यहां हुई चोरी को सुलझाने में जो वक्त और पैसा लगेगा यदि वह चोरी हुए माल या धन से अधिक है तो उसकी शिकायत पर कार्रवाई करने का क्या औचित्य। दूसरा, अधिकार में सामान्यतः फर्ज भी निहित होता हैङ्क किसी व्यक्ति, संस्थान अथवा सरकार काङ्क ताकि दावा सही लगे।

विभिन्न गैसों के वैश्विक उत्सर्जन, जिसको ग्रीन हाउस गैस भी कहा जाता है, इनकी वजह से जलवायु परिवर्तन हो रहा है। ऐसे प्रभाव का विकासशील मुल्कों के अपने उत्सर्जन से संबंध कम ही है। इनकी सरकारें अपने तौर पर वैश्विक स्तर के ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को सीमित करने में कुछ अधिक नहीं कर सकतीं। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय सर्वसम्मति की जरूरत है, इस दिशा में अपेक्षित चाल 1992 से ही धीमी है, जब संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेन्शन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) नामक प्रस्ताव अपनाया गया था।

यूएनएफसीसीसी मानता है कि जलवायु परिवर्तन के कारकों को थामने, उत्सर्जन घटाने और प्रभावों को कम करने में विकसित मुल्कों के पास अधिक क्षमता है, इसे 'सामान्य किंतु अंतर लाने वाली जिम्मेवारी' नामक सिद्धांत के तौर पर जाना जाता है। पेरिस संधि-2015 के ध्येयों पर अमल फिलहाल शोचनीय रूप से बहुत कम है, जिसके अंतर्गत वैश्विक औसत तापमान में बढ़ोतरी स्वीकार्य सीमा 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर बनाए रखना है। लेकिन यह न होने पर, वास्तविक धरातल पर इसके प्रभाव स्वरूप मौसम में तीव्र बदलाव बढ़ते जा रहे हैं।

इन परिस्थितियों में, क्योंकि पर्यावरणीय बदलाव भारत पर भी प्रभाव पड़ रहे हैं और अधिकांशतः इसके पीछे जिम्मेवार विकसित देशों के कारनामे हैं, क्या एक आम नागरिक इस जलवायु परिवर्तन से आजादी का हक पाने का दावा कर सकता है? तर्क के आधार कर कहें तो समस्या का मुख्य जिम्मेवार विकसित देशों का समूह है।

अब तक, अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण परिवर्तन संधियां विकासशील राष्ट्रों को सुधारक उपाय अपनाने के हेतु बहुत कम धन उपलब्ध करवा पाई हैं। इसलिए, तो क्या सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का अर्थ है कि लागत चाहे कितनी भी हो, भारतीय सरकार को पर्यावरण में सुधार के उपाय करने ही होंगे?

इस अधिकार की अन्य अवधारणा है स्वतंत्रता का अधिकार बनाम भलाई का अधिकार। जीवन का अधिकार, अभिव्यक्ति की आज़ादी इत्यादि स्वतंत्रता के अधिकार में आते हैं। शिक्षा का अधिकार, जलवायु परिवर्तन से निजात के अधिकार सहित साफ-सुथरा पर्यावरण पाने के हक को भलाई अधिकारों में गिना जाता है। स्वतंत्रता अधिकार में केवल जरूरत है अन्य कोई इनका उल्लंघन न करने पाए जबकि भलाई अधिकार वह हैं जिसकी प्राप्ति करने में तदनुरूप कर्तव्यों पर उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई की जरूरत होती है। स्वतंत्रता अधिकारों को लागू करने में अधिकांशतः बहुत ज्यादा कीमत नहीं लगती। लेकिन, कल्याण अधिकारों को मूर्त रूप देने में सामान्यतः बहुत बड़े स्तर पर संसाधनों की आवश्यकता पड़ती है। किंतु जब संसाधन पहले से कम पड़ते हों, जैसा कि विकासशील मुल्कों में होता है, तब चुनाव करते वक्त विभिन्न अन्य कल्याण अधिकारों को तरजीह देनी पड़ती है।

अनेक अध्ययन दर्शाते हैं कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव कम करने में बहुत ज्यादा धन की जरूरत पड़ती है। विकसित देशों की ओर से विशाल मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय मदद राशि की अनुपस्थिति के मायने हैं कि भारत सरकार को अपने संसाधन जुटाकर इस समस्या का हल निकालना पड़ेगा। अगर सरकार को अन्य विभिन्न कल्याण अधिकार भी सुनिश्चित करने हैं तो सीमित संसाधनों के चलते प्रत्येक मामले में प्राप्ति आंशिक ही होगी। लगातार बदलते अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण परिवर्तन नियमों के तहत पर्यावरण अधिकार की संपूर्ण प्राप्ति को जरूरत है विकसित देशों से नवीन एवं अतिरिक्त संसाधन विकासशील मुल्कों को दिए जाने की। लेकिन इस किस्म के संसाधन मिलने की संभावना बहुत क्षीण है।

वर्ष 2005 में केंद्रीय सरकार द्वारा प्रदत्त धन से पर्यावरण संबंधित प्रभावों पर एक अध्ययन हुआ था। इसके उद्देश्यों में योजनाएं एवं निवारण कार्यक्रम का सुझाव देने के अलावा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बनी स्थिति में राहत उपाय (सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, वानिकी, चक्रवात शरणस्थली) की शिनाख्त करना और उन पर होने वाले खर्च का अनुमान देना था। इसके निष्कर्ष चौंकाने वाले थे, भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 1.8 प्रतिशत इस किस्म के कार्यक्रमों के ऊपर खर्च हुआ था, यह व्यय भारत के रक्षा बजट जितना था। हो सकता है बाद में यह मात्रा और बढ़ गई हो।

अतएव, क्या जलवायु परिवर्तन से आजादी के अधिकार को मान्यता देने की व्यावहारिकता में काफी उलझने हैं? साफ तौर पर, बाहरी स्रोतों का प्रभाव, यदि कोई है, तो वह बहुत कम होगा। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का जोखिम कम करने में होने वाले खर्च के ऐतिहासिक स्तर के मद्देनज़र लगता नहीं कि जलवायु परिवर्तन अधिकार को मूर्त रूप देने के लिए सकल घरेलू उत्पाद के अंश में बढ़ोतरी करने की गुंजाइश है।

तथापि, जैसा कि देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि हो रही है, समस्त संसाधनों का स्तर भी बढ़ेगा। साथ ही, नागरिकों की आय बढ़ने पर, वे जलवायु प्रभाव के परिणामों से बचने को निजी तौर पर अधिक खर्च कर पाएंगे, मसलन, सुरक्षित आवास, स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च, जल-संचयन और अतिशयी आपदाओं के संदर्भ में बीमा करवाना इत्यादि। कुल मिलाकर, जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी वैसे-वैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से नागरिकों का जोखिम कम होता जाएगा। इस असर से मुक्ति पाने में विकास एक चाबी है। कदाचित सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का मुख्य आशय जलवायु संबंधी जोखिमों से बचाव करने पर खर्च में कटौती की भावी संभावना को खत्म करना है।

सर्वोच्च न्यायालय का फैसला उस याचिका के संदर्भ में आया है जिसमें राजस्थान और गुजरात में संकटग्रस्त ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (तिलोर) पक्षी के अभयारण्य स्थल से होकर गुजरने वाली अक्षय ऊर्जा की बिजली तारों को जमीन के नीचे डालने का फैसला देने के खिलाफ अपील लगाई गई थी। ऊंचे खम्भों के माध्यम से लगी बिजली आपूर्ति तारों से टकरा कर बड़ी संख्या में पक्षी मारे जाते हैं। बिजली कंपनियों की दलील है कि इसमें बहुत खर्च आएगा और अक्षय ऊर्जा की दरें प्रतिस्पर्धात्मक नहीं रहेंगी।

## आज का इतिहास

- वाइप्रेस शहर पर फ्रांसीसी सेना ने 1678 में कब्जा कर लिया।
- जापान की राजधानी टोक्यो में 1867 में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई।
- दक्षिण अफ्रीका में 1905 को श्वेतों को मताधिकार मिला।
- पॉल वोन हिंडनबर्ग 1925 को जर्मनी के राष्ट्पति चुने गये।
- बेल लैब्स ने 1954 में न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की।
- सोडियम परमाणु रिएक्टर 1957 में पहली बार प्रायोगिक तौर पर संचालित किया गया।
- तत्कालीन सोवियत रूस ने 1975 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- जापान के सुरूगा में 1981 में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में मरम्मत कार्य के दौरान 100 से अधिक मजदूर परमाणु विकिरण का शिकार हो गये।
- दिल्ली में टेलीविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की 1982 में शुरुआत हुई।
- जर्मन पत्रिका 'स्टर्न' ने 1983 में हिटलर की विवादास्पद डायरी की पहली किस्त छापी थी।
- जापान में 2005 में हुई एक रेल दुर्घटना में तक़रीबन 100 लोगों की जान गई।
- विरला इंस्टीट्यूट आफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज का नया परिसर 2007 में पनामा (बहरीन) में खुला।
- बालीवुड के प्रसिद्ध कलाकार व निर्देशक आमिर खान को 2008 को सिनेमा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान का विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।
- दक्षिण अमेरिकी राज्य मिसीसिपी में 2010 में आए तूफान के कारण तीन बच्चों सहित दस लोगों की मौत हो गई।
- भारतीय नौसेना ने 2010 में पुराने हो चुके चेतक हेलीकाप्टरों की जगह नए लाइट यूटिलिटी हेलीकाप्टर (एलयूएच) खरीदने की प्रक्रिया शुरू की।
- ब्रिटेन ने 2013 में सोमालिया में अपना दूतावास 22 वर्षों के अंतराल के बाद पुन- खोला।
- रूस के रामेन्स्की में 2013 में एक अस्पताल में लगी भीषण आग में 38 लोग मारे गए।
- भारत के प्रसिद्ध फ़ुटबॉल खिलाड़ी आई. एम. विजयन का 1969 में जन्म हुआ।
- साहित्यकार चन्द्रबली पाण्डेय का 1904 में जन्म हुआ।
- संयुक्त राष्ट्र के प्रथम महासचिव के चुनाव तक कार्यवाहक महासचिव ग्लेडविन जेब का 1900 में जन्म हुआ।
- दक्षिण अफ्रीका के टेनिस खिलाड़ी जैफ कोएत्ज़ी का 1977 में जन्म हुआ।
- 2005 में भारतीय संत स्वामी रंगनाथनंदा का निधन।
- 2000 में भारतीय हिन्दी फ़िल्मों के सुप्रसिद्ध कथा, पटकथा और कहानी लेखक पण्डित मुखराम शर्मा का निधन।

# राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के इर्द-गिर्द घूमता चुनाव प्रचार

आम चुनाव में पहले चरण का मतदान हो चुका है। चुनावी मंचों से मुद्दे गायब हैं। असल में इस चुनाव में राजनीतिक दलों ने कोई मुद्दा तय ही नहीं किया। अलग-अलग क्षेत्रों में राज्यों के साथ ही लोकसभा चुनाव तक में अलग-अलग मुद्दे दिख रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में मुद्दों का यह बिखराव क्या असर डालेगा? अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग मुद्दे दिखाई दे रहे हैं। असल में इस बार का आम चुनाव वादों और दावों की जगह गारंटी और भरोसे का है। हालांकि पहले चरण का मतदान बेहद सुस्त रहा है। अभी चुनाव के छह चरण बाकी हैं, इसके बावजूद केंद्रीय मुद्दों और प्रभावी नारों के अभाव में चुनाव प्रचार में उफान नहीं दिख रहा। शांत मतदाता न तो गारंटी की ओर भरोसे से देख रहे हैं और न ही भरोसे पर गारंटी देने का संकेत दे रहे हैं। न तो किसी मुद्दा विशेष पर देश में बहस छिड़ी है और न ही कोई ऐसा नारा है, जो लोगों की जुबान पर चढ़ा हो।

2019 का आम चुनाव इस चुनाव से बिल्कुल अलग था। चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व ही सियासी मैदान भ्रष्टाचार बनाम राष्ट्रवाद का रूप ले चुका था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी राफेल सौदे में भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर चैकीदार चोर है, के नारे लगवा रहे थे, जबकि भाजपा पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ हुई एयर स्ट्राइक को मोदी है तो मुमकिन है नारा लगा रही थी। राफेल मामले में पीएम पर व्यक्तिगत हमले को भाजपा गरीब पर हमले से जोड़ रही थी। इन दोनों ही मुद्दों पर तब राष्ट्रव्यापी चर्चा शुरू हो चुकी थी।

असल में इस चुनाव में यह नहीं कहा जा सकता है कि हर जगह एक ही मुद्दा चल रहा है। कहीं जाति की बात हो रही है तो कहीं रोजगार की बात हो रही है। सनातन की बात भी कई मतदाता कर रहे हैं। दक्षिण भारत के मुद्दे कुछ अलग हैं और वहां के मुद्दे अलग ढंग से उठाए गए हैं। इसी तरह नॉर्थ ईस्ट के मुद्दे अलग हैं। महिलाओं की जहां तक बात है तो उन्हें यह चाहिए कि उनके लिए क्या-क्या किया गया यह भी मुद्दा है। मुद्दे बनाना विपक्ष का काम होता है। सरकार ये कहती है कि हमने बहुत अच्छा काम किया, हमने यह बना दिया इतनी सड़कें बना दीं, इतना रोजगार दे दिया हमें वोट दीजिए। अगर विपक्ष की बात करेंगे तो पिछले एक साल में मुद्दा बनाने की जगह विपक्ष गठबंधन बना रहा है नहीं बना रहा इसी पर उलझा रहा।

सरकार की बात करेंगे तो वह कह रही है कि हमने राम मंदिर बनाने की बात कही थी हमने बना दिया। विपक्ष ने जितने मुद्दे उठाए वो सभी चूचू का मुरब्बा निकले। हर चुनाव में विपक्ष ईवीएम का मुद्दा उठाता है। अगर यह इतना बड़ा मुद्दा होता तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार कर देता। देश के राजनीतिक दल विजन से ज्यादा टेलीविजन पर निर्भर हैं। टेलीविजन प्रभावित जो राजनीति हो गई है उसकी वजह से विजन कहीं मिसिंग है। जहां तक घोषणा पत्र की बात है तो भाजपा का घोषणा पत्र अच्छा है और कांग्रेस का भी घोषणा पत्र अच्छा है, लेकिन देश में घोषणा पत्र पर कभी चुनाव नहीं हुए। यह बस औपचारिकता भर रह गया है।

घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत कर चुकी कांग्रेस पहली नौकरी पक्की, भर्ती भरोसा, पेपर लीक मुक्ति, वर्कर सुरक्षा और युवा रोशनी गारंटी के रूप में अलग-अलग वर्गों को साधने की कोशिश की है। इसके अलावा पार्टी ने महिला, किसान, श्रमिक और हिस्सेदारी न्याय के तहत अलग-अलग वर्गों के लिए कई वादे किए हैं। हालांकि पार्टी का घोषणापत्र अब तक जारी नहीं हुआ है। एनडीए के लिए अबकी बार चार सौ पार, तो अपने लिए 370 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा ने मतदाताओं को साधने के लिए ब्रांड मोदी को हथियार बनाया है। पार्टी युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तीकरण, किसानों के कल्याण और हाशिये पर पड़े कमजोर लोगों के सशक्तीकरण के लिए मोदी गारंटी दे रही है। जबकि विकसित भारत के निर्माण और देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी दे रही है। किसी एक मुद्दे को केंद्र में लाने की सत्तारूढ़ और विपक्षी गठबंधन की तमाम कोशिशें सिरे नहीं चढ़ी हैं। विपक्षी गठबंधन के नेता लालू प्रसाद की पीएम मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणी के खिलाफ भाजपा ने मोदी का परिवार अभियान चलाया। भाजपा इंदिरा सरकार के समय तमिलनाडु से सटे कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को दिए जाने के मुद्दे पर आक्रामक है। वहीं, विपक्षी गठबंधन कभी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, कभी चुनावी बॉन्ड में भ्रष्टाचार, तो कभी केंद्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। चुनाव प्रचार के उफान पर न आने का सबसे बड़ा कारण मुद्दों को लेकर विपक्ष में निरंतरता प्रदर्शित करने का अभाव है। खासतौर से विपक्षी गठबंधन बनने के बाद भी विपक्ष मैदान में खुलकर उतरने के बदले सीट बंटवारे की गुत्थी सुलझाने में ही उलझा है। भले ही यह गठबंधन दो बार एक मंच पर आने में सफल रहा है, मगर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मोदी, शाह, नड्डा की तुलना में बहुत कम जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि चुनाव में आम जनता से संबंधित मुद्दों का सर्वाधिक महत्व होना चाहिए। हालांकि राजनीतिक नूरा-कुश्ती में ऐसा हो नहीं पाता है। लोकसभा चुनाव का पूरा माहौल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के इर्द-गिर्द सिमटकर रह जाता है।

इस बार भी कमोबेश वैसी ही तस्वीर दिख रही है। पूरे देश के नागरिकों के लिए पांच साल में एक बार यह मौका आता है। इस मौके पर वे अपनी बात और अपने मुद्दे पुरजोर तरीके से अपने होने वाले जनप्रतिनिधियों के सामने रख सकते हैं। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से अतीत में किए गए वादों पर सवाल पूछ सकते हैं। रोजमर्रा की समस्याओं को उठा सकते हैं। देश के आम लोग राजनीतिक जिम्मेदारी और जवाबदेही को लेकर अपने नेताओं को कटघरे में खड़े कर सकते हैं। बेरोजगारी और महंगाई जनता के सामने सबसे बड़ी समस्या है जिसका निदान होना चाहिए। साथ ही पर्यावरण भी चुनावी मुद्दा बनना चाहिए क्योंकि इसके बगैर हमारा जीवन मुश्किल हो सकता है।

# मगर गरीबी है कि हटती ही नहीं गरीबी हटाओ का जुमला

**गरीबी तो हटती नहीं, पर साल-दर-साल गरीबों का गरीबी में ही जरूर नामोनिशां मिट जाता है। चुनावी समर चल रहा है। अभी तो इन 'गरीबों' की भी पौ बारह है। नेता रोज ही इनकी पूजा-अर्चना व भरपेट खाना पहुंचाने में व्यस्त चल रहे हैं। चुनाव से निपटते ही इन गरीबों को फिर से इन्हीं के हाल छोड़ दिया जाएगा। कुल मिलाकर मुफ्तखोरी की आदत डालकर इन गरीबों को गरीब ही बनाए रखने और सालो-साल इन पर राज करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।**

चुनाव आते ही गरीबों के चेहरे कुछ समय के लिए प्रसन्नता से खिल उठते हैं, क्योंकि अंततोगत्वा पांच साल बाद उन्हें याद जरूर कर लिया जाता है। चुनाव के तत्काल बाद ये गरीब राजनीतिक दलों के नेताओं के मानस पटल से हट भी जाते हैं। याद आना अच्छी बात है, पर हैरानी इस बात की भी है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी आखिर गरीबी मिट क्यों नहीं रही..? क्यों राजनीतिक दलों ने 'गरीबी हटाओ' नारे को अपना स्थाई जुमला बना रखा है?

गरीबी तो हटती नहीं, पर साल-दर-साल गरीबों का गरीबी में ही जरूर नामोनिशां मिट जाता है। चुनावी समर चल रहा है। अभी तो इन 'गरीबों' की भी पौ बारह है। नेता रोज ही इनकी पूजा-अर्चना व भरपेट खाना पहुंचाने में व्यस्त चल रहे हैं। चुनाव से निपटते ही इन गरीबों को फिर से इन्हीं के हाल छोड़ दिया जाएगा। कुल मिलाकर मुफ्तखोरी की आदत डालकर इन गरीबों को गरीब ही बनाए रखने और सालो-साल इन पर राज करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

हाल ही में राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र जारी हुए हैं। जोर-शोर से आगामी पांच साल में गरीबों के भूखे पेट का उपचार करने की बात की जा रही है। इससे ज्यादा तो कुछ होगा भी नहीं। जब साढ़े सात दशक में भी नहीं हो पाया तो अब क्या उम्मीद की जा सकती है। केवल गरीबी हटाने ही नहीं, हर बार लाखों नौकरियां देने के वादे भी किए जाते रहे हैं। ये बात अलग है कि पांच साल बाद भी हालात जस के तस ही रहते हैं और फिर शुरू हो जाता है जुमलों का दौर। इससे भी दुःखद तो ये है कि आजादी के बाद से लोगों को पानी, बिजली, सड़क, उच्च शिक्षा व बेहतर चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं जुटाने के भी वादे किए जाते रहे हैं।

इसके उलट आजादी के 77 साल बाद भी देश में ऐसे कई शहर व गांव मिल जाएंगे, जहां डामर की सड़क तो छोड़ो, अभी कच्ची सड़क तक नसीब नहीं हुई है। घटिया सीवरेज व्यवस्था के कारण बरसात के दिनों में शहरों में लोग कई-कई दिनों तक पानी से घिरे घरों में कैद रहते हैं। पीने को पर्याप्त पानी नहीं मिलता। कई गांवों में यातायात के साधन तक नहीं पहुंच पाए हैं। देश की सिलिकॉन सिटी बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहर के लोग जब पेयजल संकट के भयानक हालात से जूझ रहे हैं तो दूरदराज के गांवों की क्या बात करें।हां, पिछले कुछ सालों में सारे देश में हाई-वे जरूर बने हैं। लिंक रोड से लोगों का आवागमन सुगम हुआ है। पर इसमें भी गरीब तो अभी भी गरीब ही है। उसकी गरीबी का निवारण अभी तक भी नहीं हो पा रहा है। इसमें किसी एक राजनीतिक दल को दोष देने से कुछ होना भी नहीं है। देश में आमूलचूल परिवर्तन की जरूरत है। सालों-साल झूठे वादे करने वालों से बचने की जरूरत है। वैसे भी देश में किसी नागरिक को 'गरीब' कहना किसी गाली से कम नहीं है। गरीब का मतलब केवल निर्धन ही नहीं, बल्कि उन्हें जबरन दरिद्र, कंगाल, दीनहीन, बेचारा, लाचार जैसे शब्दों से नवाजना है। ऐसे में वे जरूरतमंद जरूर हो सकते हैं, पर 'गरीब' तो बिल्कुल नहीं। हमें ये मान लेना चाहिए कि अब देश में जब तक आखिरी इंसान तक रोजगार, पर्याप्त पेयजल, बिजली, जरूरी चिकित्सा व शिक्षा के संसाधन नहीं पहुंच जाते, तब तक विकास की बात करना बेमानी होगी। हमें ये याद रखना चाहिए कि विख्यात सर्वोदयी व सामाजिक कार्यकर्ता तथा महात्मा गांधी के अनुयायी बाबा विनोबा जीवनपर्यन्त 'अन्त्योदय' की बात करते थे। 'अन्त्योदय' यानी अंत तक उदय। देश के आखिरी आदमी तक विकास की बात उनके इस ब्रह्मवाक्य में निहित थी। अन्त्योदय आज देश की अहम जरूरत बन गया है। सरकार जब तक इस 'अन्त्योदय' को नहीं अपनाती, तब तक देश को विकसित राष्ट्र नहीं माना जा सकता। देश में अंतरिक्ष विज्ञान, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, कृषि एवं चिकित्सकीय अनुसंधान के साथ-साथ इस समय प्रत्येक इंसान को आर्थिक, शैक्षिक व शारीरिक रूप से सम्पन्न बनाने पर ध्यान देने की जरूरत है। 'भिखारी मुक्त' नारे के साथ ही सक्षम व सम्पन्न देश के नारे पर ध्यान देने की जरूरत है। तभी भविष्य के चुनावों में गरीबी हटाओ और रोजगार व बुनियादी सुविधाएं जुटाने के झूठे वादों से मुक्ति संभव होगी।

# वरुण गांधी का अगला कदम, सियासी बाज़ार गर्म!

**भाजपा में अब गूढ़ विचार हो रहा है कि वरुण गांधी को रायबरेली से चुनाव में उतार दिया जाए, जहां से कांग्रेस में धारणा बन रही है, प्रियंका गांधी को उतारे जाने की। इस पर वरुण का कहना है कि भले ही उनकी मां मेनका संजय गांधी छोड़ आई हों वे 10 जनपथ की गलियां, मगर परिवार का तो हिस्सा हैं ही वरुण और प्रियंका।**

भारत जैसे विशालकाय देश के लिए चुनाव का वही महत्व है, जो किसी भी मरीज़ के लिए डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन किए जाने से पूर्व और यहां डॉक्टर की भूमिका जनता की है! कुछ ऐसा ही केंद्रीय चुनाव में 543 लोकसभा सीटों के बारे में भी कहा जा सकता है, जिन में पीलीभीत, उत्तर प्रदेश की एक सीट भी मौजूद है, जहां से तीन बार के सांसद, वरुण फिरोज़ गांधी का टिकट काट कर जितिन प्रसाद को दे दिया गया। टिकट काटने से पूर्व भाजपा बड़े असमंजस में रही क्योंकि वरुण 543 सांसदों में से बस एक सांसद नहीं, बल्कि मौजूदा भारतीय सियासत का एक भारी भरकम नाम है जो मात्र गांधी परिवार सदस्य नहीं बल्कि एक ऐसा ÷सेल्फ मेड÷ सांसद है जिसका अपने क्षेत्र में सिर्फ़ वर्चस्व ही नहीं, अपितु पूर्ण मान-सम्मान भी है, क्योंकि उन्होंने अपने पद की गरिमा को अंत तक गरमाए रखा।यदि भाजपा को उनका टिकट काटना था तो बहुत पूर्व करना था क्योंकि यहां प्रथम चरण में चुनाव होना था और भाजपा की हिम्मत नहीं हो रही थी वरुण का टिकट काटने की, जिसका कारण है की गांधी परिवार में यदि मोती लाल नेहरू, पण्डित नेहरू और इंदिरा गांधी के दिमागों का मिश्रण करें, तब जाकर वरुण गांधी बनेगा! इतने संकोच और विलय के बाद पीलीभीत के टिकट का ऐलान कर भाजपा ने जितिन प्रसाद की राहें भी दुशवार कर दीं क्योंकि उन्हें भी मतदाताओं से मिलने का समय नहीं मिला। हो सकता है, मोदी के चेहरे पर वे सीट निकाल लें, जो कि इतना सरल नहीं क्योंकि आज भी वरुण एक जीवंत फैक्टर हैं और उनका चेहरा पीलीभीत निवासियों के मन में मौजूद है। अब प्रश्न यह है कि वरुण का टिकट क्यों काटा गया। भाजपा का कहना है कि उनके टिकट कटने का कारण कुछ ÷पार्टी विरोधी÷ कथन थे, मगर लोग समझते हैं कि उनका टिकट इस लिए काटा गया क्योंकि वे सच बोल रहे थे और दबे-कुचले वर्गों, संविदा कर्मियों, किसानों आदि के अतिरिक्त उन बातों पर भी विचार व्यक्त कर रहे थे, जो भाजपा की लाईन से पृथक थे। वैसे पार्टी कोई भी हो, यदि कोई उसकी विचारधारा से अलग चलने लगता है तो उसे सजा तो दी ही जाती है! यदि ऐसा नहीं होता तो आज ईवीएम में उनके नाम में चौथी लोकसभा पर मुहर लग चुकी होती! राजनीति में पार्टी लाईन से भटकने का खामियाजा सब जानते हैं, मगर भाजपा उनका टिकट काट कर बैक फुट पर है, क्योंकि जानती है कि आदमी तो सच्चा है, कहीं और फिट किया जाए! कहीं न कहीं वरुण के टिकट को काट कर वह घबराहट अवश्य है भाजपा में जो मीनाक्षी लेखी, वी के सिंह आदि के टिकट काटने में नहीं देखने में आई। भाजपा में अब गूढ़ विचार हो रहा है कि वरुण गांधी को रायबरेली से चुनाव में उतार दिया जाए, जहां से कांग्रेस में धारणा बन रही है, प्रियंका गांधी को उतारे जाने की। इस पर वरुण का कहना है कि भले ही उनकी मां मेनका संजय गांधी छोड़ आई हों वे 10 जनपथ की गलियां, मगर परिवार का तो हिस्सा हैं ही वरुण और प्रियंका। वैसे भी वरुण और प्रियंका में मधुर संबंध हैं और वरुण के निकट प्रियंका का रिश्ता ÷बडी आपा÷ (बड़ी बहन) का है तो वे केवल एक सांसद अथवा मंत्री बनने के लिए अपने पारिवारिक रिश्तों की आहुति नहीं देने वाले जो उनके अंदर मौजूद इन्सानियत का पता देता है। इसके अ?तरिक्त पीलीभीत में वरुण के चाहने वाले वालों की कमी नहीं, क्योंकि जिससे वह एक बार बात कर लेते, ऐसी गर्मजोशी से वे बात करते हैं कि वह उनका दीवाना हो जाता है। इस मामले में वे अपनी दादी इंदिरा और परनाना, नेहरु से आगे हैं। इसका प्रभाव, पीलीभीत के पास पड़ोस के क्षेत्रों बरेली, मुरादाबाद, आंवला, खेरी आदि में भी है, क्योंकि इन सभी क्षेत्रों में या उनके निवासियों के लिए जब भी उन्होंने कुछ कहा या करा, वे उनके दिलों में बस गए। भाजपा सर्कल में यह तो सभी जानते थे कि वरुण के बयानों के कारण पार्टी से उनका वैमनस्य घर कर रहा है, मगर, बकौल मेनका गांधी, जिनका पूर्ण जीवन संघर्ष पूर्ण रहा है, यदि प्रधानमंत्री मोदीजी उनके बेटे से नाराज़ थे तो कम से कम वरुण को अपना बेटा समझ टिकट काटने से पूर्व, गाल पर एक इधर लगाते, एक उधर और आगे रहने के लिए बोल कर टिकट दे देते! मेनका का कहना है कि जब वरुण तीन वर्ष के थे तो उनकी उंगली पकड़ कर पीलीभीत आए थे और पीलीभीत उसी प्रकार से गांधी परिवार का अटूट अंग है जैसे रायबरेली-अमेठी या अमेठी! वैसे यहां गौर करने की बात यह है कि अगर रायबरेली वरुण बनाम प्रियंका हो गया और वरुण की जीत हुई तो कांग्रेस पार्टी के जो प्रियंका के सहारे पुनर्जीवन के आसार हैं, ऐसा वरुण शायद नहीं चाहते, भले ही भाजपा की ऐसी ही इच्छा हो।



# स्टोयनिस ने IPL रन चेज में सबसे बड़ा स्कोर बनाया

## LSG ने चेपॉक में सबसे बड़ा चेज किया, गायकवाड दो शतक लगाने वाले तीसरे CSK प्लेयर

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

IPL-2024 में मंगलवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हराया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में मंगलवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 210 रन बनाए। लखनऊ ने चेपॉक स्टेडियम में IPL का सबसे बड़ा रनचेज किया और जीत का टारगेट 19.3 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया।

मार्कस स्टोयनिस प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 63 बॉल पर नाबाद 124 रन की पारी खेली। इसी के साथ IPL के किसी चेज में वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। CSK से ऋतुराज गायकवाड 60 बॉल पर नाबाद 108 रन की पारी खेली। वे CSK के लिए दो शतक लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी बने।

**LSG का CSK के खिलाफ दूसरा सबसे बड़ा रन चेज**

LSG ने IPL में CSK के खिलाफ दूसरा सबसे बड़ा रन चेज किया है। टीम ने 211 रन का टारगेट हासिल किया। इससे पहले भी टीम ने मुंबई के मैदान पर साल 2022 में CSK के खिलाफ 211 रन चेज किए। CSK के खिलाफ सबसे बड़ा टारगेट MI ने चेज किया है। MI ने साल 2021 में 219 रन का टारगेट दिल्ली के मैदान पर चेज किया था। इस मुकाबले में कीरोन पोलार्ड ने 34 बॉल में नाबाद 84 रन की पारी खेली थी।



**LSG का चेपॉक स्टेडियम में सबसे बड़ा चेज**

LSG ने IPL इतिहास में चेपॉक स्टेडियम में सबसे बड़ा चेज किया। उन्होंने CSK का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2012 में CSK ने RCB के खिलाफ 206 रन का टारगेट चेज किया था।

**LSG का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज**

स्त्र ने टीम का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज किया है। साल 2023 में टीम ने RCB के खिलाफ बेंगलुरु में 213 रन चेज किए थे। उसके बाद दो बार 211 रन चेज किए। दोनों ही CSK के खिलाफ किए।

**IPL रन चेज में सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर**

IPL रन चेज में सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर मार्कस स्टोयनिस ने बनाया। उन्होंने 124 रन की पारी खेली। इसी के साथ स्टॉयनिस ने 13 साल पुराना पंजाब किंग्स के पॉल वॉलथेटी के रिकॉर्ड तोड़ा। पॉल ने साल 2011 में मोहाली के मैदान पर CSK के खिलाफ नाबाद 120 रन की पारी खेलते हुए 189 रन चेज किए और 6 विकेट से पंजाब को मुकाबला जिताया था।

**गायकवाड ने CSK के लिए 5वां टॉप स्कोर बनाया**

CSK के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने टीम के लिए पांचवा टॉप स्कोर बनाया। टीम के लिए सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड मुरली विजय के नाम है। विजय ने साल 2010 में चेपॉक मैदान पर ही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 127 रन की पारी खेली थी।

# Archery World Cup : भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों की नजरें स्वर्ण पदक पर



**शंघाई, एजेंसी।** भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को यहां सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की।

भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैम्पियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाये। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा।

सेमीफाइनल में रोमांचक जीत के बाद अभिषेक ने कहा, '' आज हमारा समन्वय अच्छा था और हमने हवा को अच्छी तरह से भांप कर उसका सही इस्तेमाल किया। उन्होने कहा, ''सेमीफाइनल हमेशा कड़ा मुकाबला होता है। हमने अच्छी तैयारी की थी और इस बात की खुशी है कि हम फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।'' एस्टोनिया को 235-230 के अंतर से हराने के बाद अदिति ने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि हम पिछले साल पेरिस में विश्व कप की सफलता को दोहरा सकते हैं जहां भारतीय पुरुषों और महिलाओं दोनों ने टीम स्वर्ण पदक जीते थे।''

# दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा 33 सदस्यीय दल

**मुंबई ● एजेंसी**



आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। प्रगन्या ने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरआल वर्ग में नौंवा स्थान भी हासिल किया था। पिछले साल क्रमश~ रजत और कांस्य पदक जीतने वाली महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी भी 13 भारतीय महिला एथलीट की टीम का हिस्सा हैं। सेना के सिनिमोल 2022 के विजेता हैं और पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे। वह 20 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। टूर्नामेंट में 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और पांच किमी दौड़ शामिल है।

पुरुष~ तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्णब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख।

# कोहली को टी-20 वर्ल्डकप में ओपनिंग करनी चाहिए:गांगुली ने कहा- विराट 40 गेंदों में 100 रन बना सकते हैं, जून में खेला जाएगा टूर्नामेंट

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

BCCI के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली का मानना है कि जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली को रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करना चाहिए। IPL में दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर गांगुली ने सोमवार को एक मीडिया इवेंट में कहा, इस साल के टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा को ओपनिंग करनी चाहिए, विराट 40 गेंदों में 100 रन बना सकते हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला



जाएगा। वहीं 1 मई तक इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) को संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट सौंपनी हैं।

### मीडिया रिपोर्ट में भी विराट-रोहित के ओपनिंग करने का दावा किया गया था

हाल ही में मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रोहित शर्मा और विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप में ओपनिंग करेंगे। लेकिन, खबर के कुछ दिन बाद ही रोहित ने इस खबर का खंडन किया था।

### इंटरनेशनल क्रिकेट में ओपनिंग कर चुके हैं कोहली

कोहली ने अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में बतौर ओपनर बैटर की थी। कुछ समय बाद वे नंबर 3 स्लॉट पर चले गए। कोहली का टी-20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर बैटर रिकॉर्ड काफी अच्छा है। पूर्व कप्तान ने 9 मैचों में 400 रन बनाए हैं।

### IPL के मौजूदा सीजन में ओपनिंग करते हुए ऑरेंज कैप होल्डर

कोहली IPL के पिछले कुछ सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के लिए ओपनिंग करते रहे हैं। वे इसी सीजन भी ओपनिंग करते हुए 8 मैचों में 150.39 की स्ट्राइक रेट से 379 रन के साथ ऑरेंज कैप होल्डर हैं।

# पूर्व पहलवान नरसिंह यादव भारतीय कुश्ती महासंघ एथलीट पैनल के अध्यक्ष चुने गये

**वाराणसी ● एजेंसी**

राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गयी प्रक्रिया भी पूरी हो गयी। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना।

2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गये थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाये थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और



उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गयी कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जायेंगे। लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले करायी गयी दो डोप जांच में विफल हो गये थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।

हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आये थे। खेल पंचाट का फैसला नरसिंह के शुरूआती मुकाबले से एक दिन पहले ही आया था जिससे वह रियो से बिना खेले ही वापस लौट आये थे। उनका प्रतिबंध जुलाई 2020 को खत्म हुआ और उन्होंने कहा कि था कि यह घटनाक्रम साजिश का हिस्सा था। एथलीट आयोग के लिए चुने गये अन्य सदस्य साहिल (दिल्ली), स्मिता ए एस (केरल), भारतीय भाघेई (उत्तर प्रदेश), खुशबू एस पवार (गुजरात), निक्की (हरियाणा) और श्वेता दुबे (बंगाल) हैं।

खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएआई का निलंबन हटाते हुए कहा था कि संजय सिंह की अगुआई वाली राष्ट्रीय महासंघ के लिए पहलवानों की शिकायतों को निपटाने के लिए एथलीट आयोग गठित करना अनिवार्य होगा।

# कोटक महिंद्रा बैंक नए क्रेडिट कार्ड जारी नहीं कर सकेगा

## ◘ ऑनलाइन खाते खोलने पर भी रोक, खामियों को दूर नहीं कर रहा था बैंक

**मुंबई ● एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक को तत्काल प्रभाव से नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोकने का निर्देश दिया। इसके साथ ही ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने पर रोक लगा दी गई है। बैंक पर ये प्रतिबंध लगाने का कारण बताते हुए RBI ने कहा कि 2022 और 2023 के बीच उसने पर्याप्त आईटी इंफ्रास्टक्चर नहीं होने को लेकर बैंक को अपनी चिंता जताई थी, लेकिन बैंक इन कमियों को दूर करने में लगातार विफल रहा।

बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949 के सेक्शन 35 की तहत RBI ने अपनी पावर का इस्तेमाल करते हुए कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ यह कार्रवाई की है। हालांकि, जो लोग बैंक के पहले से ग्राहक है उन्हें पहले की तरह सभी सर्विसेज मिलती रहेंगी।




**RBI ने तीन और बड़ी बातें कही...**

RBI को बैंक के आईटी इन्वेंट्री मैनेजमेंट, यूजर एक्सेस मैनेजमेंट, वेंडर रिस्क मैनेजमेंट, डेटा सिक्योरिटी और डेटा लीक प्रिवेंशन स्टैटजी जैसे क्षेत्रों में गंभीर कमियां मिली थी। लगातार दो साल तक ऐसा देखा गया, लेकिन बैंक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया।

मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम (CBS) और इसके ऑनलाइन और डिजिटल बैंकिंग चैनल में पिछले दो साल में लगातार आउटेज देखा गया। लेटेस्ट आउटेज 15 अप्रैल को हुआ था, जिससे ग्राहकों को असुविधा हुई।

अब लगाए गए प्रतिबंधों की समीक्षा बैंक के एक्सटर्नल ऑडिट के बाद की जाएगी। इस एक्सटर्नल ऑडिट के लिए बैंक को RBI की पहले से मंजूरी लेनी होगी। बैंक को RBI के इन्सपेक्शन और एक्सटर्नल ऑडिट में बताई गई सभी कमियों को भी दूर करना होगा।

# टेस्ला में पहली बार कम हुई बिक्री, अब नौकरियों पर चलेगी तलवार

**मुंबई ● एजेंसी**

अमेरिकी दिग्गज और इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल कंपनी टेस्ला इन दिनों कई परेशानियों से जूझ रही है। यही कारण है कि आने वाले दिनों में टेस्ला कंपनी के हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा सकता है। कंपनी जल्द ही छंटनी करने की तैयारी में है। कंपनी ने यह ऐलान उसे समय किया है जब उसकी बिक्री भी काफी प्रभावित हुई है। किसी समय में दुनिया की सबसे बड़ी ईवी कंपनी का दर्जा पाने वाली टेस्ला आज यह मुकाम भी खो चुकी है।

### जा सकती है हजारों कर्मचारियों की नौकरी

टेस्ला ने मंगलवार को मार्च तिमाही का परिणाम जारी किया है। इसके साथ ही यह जानकारी भी दी गई है कि कंपनी जल्द ही कर्मचारियों की छंटनी करने पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि 6020 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा सकता है। मूल रूप से यह छंटनी कैलिफोर्निया और टेक्सास में की जा सकती है। कैलिफॉर्निया में 332 लोगों को नौकरी से निकाला जाएगा। वहीं टेक्सास में 2688 लोग बेरोजगार हो सकते है। न्यूयॉर्क स्थित बफेलो प्लांट




से भी 285 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जाएगा।

### छंटनी की योजना पर किया जाएगा अमल

बीते सप्ताह ही इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल कंपनी टेस्ला यह जानकारी दे चुकी है कि वह जल्द ही छंटनी करने वाली है। कंपनी ने ये भी बताया था कि वो ग्लोबल वर्कफोर्स में कटौती करेगी। अब कंपनी ने बता दिया है कि छंटनी जून से शुरू होगी।

गौरतलब है कि विश्व में कई कंपनियों बीते लंबे समय से कर्मचारियों की छंटनी कर रही थी। इस असर से टेस्ला अब तक अछूती थी। टेस्ला ने अब तक कर्मचारियों की छटनी नहीं की थी। इसके उलट कर्मचारियों की नियुक्ति कंपनी में लगातार की जा रही थी। वर्ष 2021 में टेस्ला के कर्मचारी एक लाख थे जो कि वर्ष 2023 में 1,40,000 से अधिक हो गए थे। अब कंपनी 10 फीसदी तक कर्मचारियों को नौकरी से निकलने की तैयारी में है। आने वाले दिनों में कंपनी और भी कर्मचारियों को नौकरी से निकल सकती है।

### टेस्ला का मुनाफा हुआ कम

हाल ही में टेस्ला ने जो आंकड़े जारी किए हैं उसमें काफी निराशाजनक परिणाम सामने आए हैं। बीते चार वर्षों में पहली बार है जब टेस्ला की बिक्री में गिरावट आई है। इसके साथ ही कंपनी का मुनाफा भी काफी कम हो गया है। टेस्ला का मुनाफा 1.13 बिलियन डॉलर रहा जो बीते वर्ष 2.51 बिलियन डॉलर था। यानी 1 साल में कंपनी का मुनाफा 55 फीसदी कम हो गया है। दरअसल इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल सेगमेंट में कई नई कंपनियां उतर रही है जो टेस्ला को कड़ी चुनौती दे रही है। चीन की कई कंपनियों इस सेगमेंट में उतरी है। चीन की बीवायईडी कंपनी डिग्री के मामले में टेस्ला को पीछे छोड़ चुकी है।

# भारत का औषधि निर्यात 2023-24 में 10 प्रतिशत बढ़कर 27.9 अरब डॉलर पर : वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

। देश का औषधि निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67 प्रतिशत बढ़कर 27.9 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 में निर्यात 25.4 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च माह में दवा निर्यात 12.73 प्रतिशत बढ़कर 2.8 अरब डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में इस क्षेत्र के लिए शीर्ष पांच निर्यात बाजार अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील थे।

भारत के कुल औषधि निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 31 प्रतिशत से अधिक रही। एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते बाजार अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल रही है।

# सोना-चांदी के दाम में तेजी: सोना 71,826 रुपए प्रति 10 ग्राम हुआ, चांदी भी 80 हजार पार हुई

सोने और चांदी की कीमतों में आज यानी 24 अप्रैल को बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 228 रुपए महंगा होकर 71,826 रुपए हो गया है। वहीं एक किलो चांदी 680 रुपए सस्ती हुई है। ये 80,687 रुपए प्रति किलोग्राम में बिक रही है।

**4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

* दिल्ली: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,800 रुपए है।
* मुंबई: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपए है।
* कोलकाता: 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,600 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 72,650 रुपए है।



* चेन्नई: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,420 रुपए है।
* भोपाल: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,700 रुपए है।

# निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 73 प्रतिशत बढ़कर 343 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली ।** निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 73 प्रतिशत बढ़कर 343 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का अभी तक का यह सबसे अधिक मुनाफा है। कंपनी का पिछले साल समान तिमाही में शुद्ध लाभ 198 करोड़ रुपये था। निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 560.57 करोड़ रुपये हो गई।

वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में यह 388.03 करोड़ रुपये थी। इस मजबूत बढ़त के बाद कंपनी के शेयर बीएसई में दिन में कारोबार के दौरान 11 प्रतिशत बढ़कर 623.40 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड का परिसंपत्ति प्रबंधक है। कंपनी की मार्च 2024 तक प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 5.24 लाख करोड़ रुपये थी, जिसमें निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड का 4.31 लाख करोड़ रुपये का परिसंपत्ति आधार शामिल है।

वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना अधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 1,107 करोड़ रुपये रहा, जबकि कुल आय सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 2,037 करोड़ रुपये पहुंच गई। इस बीच, कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 11 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इसके साथ, 2023-24 के लिए कुल लाभांश 16.50 रुपये प्रति शेयर होगा, जिसमें नवंबर 2023 में वितरित 5.50 रुपये का अंतरिम लाभांश भी शामिल है।

# भा कोड से भारतीयों के लिए तैयार होंगे फुटवियर: अमेरिकी-यूरोपीय नहीं, अब? भारतीय नंबर के जूते बनेंगे

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

भारत में मिलने वाले जूते-चप्पल अमेरिकी या यूरोपीय नाप के होते हैं। यही वजह है कि वे हमारे देश के लोगों के पैरों में फिट नहीं आते। दरअसल, भारतीयों के पैर अमेरिकियों और यूरोपीयनों से ज्यादा चौड़े होते हैं, लेकिन कंपनियां जूते-चप्पल अमेरिकियों या यूरोपीय लोगों के पैर की लंबाई-चौड़ाई के आधार पर ही तैयार करती हैं। अब यह व्यवस्था बदलने वाली है। अब जूते-चप्पलों के भारतीय मानक तैयार हो रहे हैं। अगले साल यानी 2025 से कंपनियां अलग से भारतीयों के लिए फुटवियर तैयार करेंगी। इसके लिए 'भा' (क्ब्द्धड्ड) कोड रखा गया है, जिसका मतलब भारत से है। इसके लिए ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड से मान्यता मिलनी बाकी है।

**भारतीयों के पैर के साइज को लेकर किया सर्वे**

भारतीयों के पैर की आकृति और आकार समझने के लिए काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च और सेंट्रल लेदर रिसर्च इंस्टीट्यूट ने पूरे भारत में सर्वे किया। इसमें यह भी पता चला कि महिलाओं के पैरों का आकार 11 साल की उम्र तक बढ़ता है, जबकि पुरुषों में यह 15-16 साल तक बढ़ता रहता है।

**50% फुटवियर सही नाप न होने से लौटाए जा रहे**

इस बदलाव की सबसे बड़ी वजह भारत का बड़ा बाजार है। यहां हर भारतीय के पास औसतन 1.5 जूते हैं। ऑनलाइन खरीदे गए 50% फुटवियर सही नाप न होने से लौटा दिए जाते हैं। नई व्यवस्था में अब कंपनियों को 10 की बजाय 8 साइज में ही फुटवियर बनाने होंगे।



**साइज को लेकर 1 लाख से ज्यादा लोगों पर किया सर्वे**

पैर की आकृति और आकार को समझने के लिए दिसंबर 2021 और मार्च 2022 के बीच एक सर्वे किया गया था। इस सर्वे में पांच भौगोलिक क्षेत्रों में 79 स्थानों पर रहने वाले करीब 1,01,880 लोगों को शामिल किया गया। इतना ही नहीं बल्कि भारतीय पैर के आकार, आयाम और संरचना को समझने के लिए 3डी फुट स्कैनिंग मशीनें तैनात की गई। इसमें पाया गया कि एक औसत भारतीय महिला के पैर के आकार में बदलाव 11 साल की उम्र में चरम पर होता है जबकि एक भारतीय पुरुष के पैर के आकार में बदलाव लगभग 15 या 16 साल में होता है।

# आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ बढ़ायें, ग्वालियर व चंबल संभाग की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

**भोपाल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 ग्वालियर चंबल संभाग के लोकसभा चुनाव पर भारत निर्वाचन आयोग की विशेष निगाह है। दोनों संभागों में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर आयोग सतर्क और गंभीर है। इसलिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ एनएसए व जिला बदर सहित अन्य सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए, जिससे मतदाताओं में विश्वास कायम हो और वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। इस आशय के निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने ग्वालियर-चंबल संभाग की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा बैठक में दोनों संभागों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को दिए। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये हर मतदान केन्द्र तक व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया। बुधवार को ग्वालियर की तानसेन रेसीडेंसी में हुई बैठक में पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) एवं राज्य पुलिस नोडल आफिसर अंशुमन सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विवेक श्रोत्रिय, कमिश्नर ग्वालियर डॉ. सुदाम खाड़े व कमिश्नर चंबल संजीव कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर अरविंद सक्सेना, डीआईजी चंबल कुमार सौरभ तथा ग्वालियर की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान और पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह सहित दोनों संभागों के सभी जिलों के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि अंतर्राज्यीय व अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखें। अवैध धन, मदिरा व अन्य मादक पदार्थ व अवैध हथियारों सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त करें। साथ ही इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने बाउण्डओवर की कार्रवाई में तेजी लाने और जिला बदर आदेश का कड़ाई से पालन करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि एसएसटी, एफएसटी व वीएसटी पूरी तरह मुस्तैद व सतर्क होकर काम करें। राजन ने वल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केन्द्रो में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। जिन भवनों में पाँच या उससे अधिक मतदान केन्द्र हैं वहाँ अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने के भी निर्देश दिए। जिन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक है वहाँ अतिरिक्त मतदान कर्मियों की तैनाती करें, जिससे मतदान सुचारू रूप से हो।

पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था अंशुमन सिंह ने सभी पुलिस अधीक्षकों से कहा कि असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई ऐसी हो, जिससे अपराधियों में खौफ और मतदाताओं में विश्वास कायम हो।

कमिश्नर ग्वालियर डॉ. सुदाम खाड़े ने जानकारी दी कि सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों के साथ इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग हो चुकी हैं। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर संभाग के सभी जिलों में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पेयजल की पुख्ता व्यवस्था कराई जा रही है। मतदान केन्द्र से 100 मीटर की दूरी से संबंधित बोर्ड/बैनर लगाने का कार्य अभियान बतौर कराया जायेगा। उन्होंने कहा



कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये संभाग में स्वीप के तहत सुनियोजित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

कमिश्नर चंबल संभाग संजीव कुमार झा ने मतदान दिवस पर त्वरित कार्रवाई पर बल दिया। डीआईजी चंबल कुमार सौरभ ने कहा कि पुलिस थानों में जमा कराए गए शस्त्रों के लायसेंसधारियों के यहाँ उपलब्ध राउण्ड (कारतूस) का दुरूपयोग न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसकी निगरानी करने का सुझाव उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षकों को दिया।

कलेक्टर ग्वालियर श्रीमती रुचिका चौहान सहित दोनों संभागों के जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने जिले की चुनाव तैयारियों एवं स्वीप गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ग्वालियर जिले में चल रहीं मतदाता जागरूकता गतिविधियों की सराहना की।

**वेब कास्टिंग की समुचित निगरानी पर जोर**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि मतदान में बाधा डालने वाले तत्वों पर निगरानी रखने के लिये क्रिटिकल (संवेदनशील व अतिसंवेदनशील) मतदान केन्द्रों के भीतर व बाहर सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जाएँ। इन कैमरों से होने वाली वेब कास्टिंग की निगरानी की पुख्ता व्यवस्था करें, इससे यदि किसी मतदान केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि दिखाई दे, तो तत्काल कार्रवाई की जा सके।

**चलो बूथ की ओर अभियान चलाएँ**

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर मतदान केन्द्र स्तर तक व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ चलाने पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए ÷चलो बूथ की ओर÷ अभियान चलाएँ। प्रत्येक मतदान केन्द्र से जुड़ी बस्तियों के हर घर तक यह संदेश पहुँचे कि 7 मई को सभी अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। मतदाताओं को वोट डालने के लिये घर-घर जाकर प्रेरित करने के लिये सभी जिला निर्वाचन अधिकारी प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिये स्थानीय दल गठित करें। मतदान दिवस पर भी इस दल का सहयोग लेकर लोगों को मतदान के लिये बुलाएँ।

**अधिक से अधिक आदर्श मतदान केन्द्र बनाएँ**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने कहा सभी जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ खासकर शहरी क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएँ। इन केन्द्रों की सुविधाएँ ऐसी हों, जिससे अधिक से अधिक मतदाता वोट डालने के लिये प्रेरित हों। मतदाताओं का स्वागत वैलकम ड्रिंक्स से करें। जहाँ कतार लगती हो, वहाँ पर छाया की उत्तम व्यवस्था की जाए। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर पेयजल के अतिरिक्त इंतजाम भी किए जाएँ।

**जिन घरों में वोट डलवाए जाने हैं इसकी जानकारी प्रत्याशियों को रूट चार्ट सहित दें**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने निर्देश दिए कि 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले ऐसे दिव्यांग मतदाता, जिन्होंने फॉर्म-12डी में घर से वोट डालने के लिए सहमति दी है, उन घरों के रूट चार्ट की जानकारी सभी प्रत्याशियों को अवश्य दी जाए। उन्हें किस तिथि में वोट डलवाए जाने हैं यह भी उन्हें बताया जाए। राजन ने कहा कि घर पर कराए गए मतदान के सभी मतपत्र भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत कोषालय के डबल लॉक में रखे जाएँ। साथ ही निर्धारित तिथि को स्ट्रांग रूम में पहुँचाएँ। यह कार्रवाई प्रत्याशियों अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में की जाए।

**मतदाता सूचना पर्चियों के वितरण पर विशेष नजर रखें**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मतदाता सूचना पर्चियों का वितरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए मतदाता सूचियों के वितरण पर केवल बीएलओ पर निर्भर न रहें। पर्चियों के वितरण पर विशेष निगरानी रखें और यह सुनिश्चित करें कि शतप्रतिशत मतदाताओं तक यह पर्चियाँ पहुँच जाएँ।

# इंदौर संभाग के धार जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के हो रहे है नवाचार

## नवाचार के तहत दिव्यांग खिलाड़ियों ने क्रिकेट मैच के माध्यम से मतदान संदेश देते हुए बोले- वोट जरूर डालें

**इन्दौर।** अमूमन ऐसा माना जाता है कि शारीरिक तौर पर दिव्यांग लोगों को अक्सर रोजमर्रा के काम करने में कठिनाई होती है। लेकिन इंदौर संभाग के धार जिले के क़िला मैदान में नजारा उस वक्त दिलचस्प दिखा, जब दिव्यांग क्रिकेट प्लेयर्स ने चौके-छक्के लगाए। धार जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए ये क्रिकेट मैच आयोजित कराया गया। जिसमें दिव्यांग लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई।

दिव्यांग खिलाड़ियों ने खूब चौके-छक्के लगाए

क्रिकेट में दिव्यांग खिलाड़ियों की दो टीमें धार और बदनावर एक दूसरे पर भारी पड़ती नजर आईं। 10-10 ओवर के क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों ने खूब चौके-छक्के लगाए। खिलाड़ियों का कहना है कि जिस तरह वे अभ्यास के बाद मैदान में क्रिकेट खेल सकते हैं। उसी तरह अन्य दिव्यांगों को भी किसी पर निर्भर ना रहकर वोट डालने जाना चाहिए।

अधिकारी बोले दिव्यांगों से प्रेरणा लें। वहीं, खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करने पहुंचे अधिकारियों ने कहा कि सभी दिव्यांग खिलाड़ी बहुत ही उत्साह और कुशलता के साथ मैदान



में क्रिकेट खेल रहे हैं। खिलाड़ियों के ऐसे प्रदर्शन से अन्य दिव्यांगों सहित दूसरे मतदाताओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी मतदान कर देश के विकास में भागीदार बनेंगे। सभी ने एक स्वर में माना कि शारीरिक रूप से असमर्थ दिव्यांग खिलाड़ियों का क्रिकेट के मैदान में उतरना और चौके-छक्के लगाना काबिले तारीफ है। ऐसे में अन्य लोगों को इन खिलाड़ियों से किसी भी सूरत में हार ना मानने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

दिव्यांगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं राजेंद्र बता दें कि इन्हीं में से एक बदनावर के राजेंद्र लछेटा दिव्यांगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं, वे आत्मनिर्भर भी हैं। बदनावर में उनकी ऑटो पार्ट्स की शॉप हैं और वे गैरेज भी चलाते हैं। बदनावर ने धार को हराया, धर्मेंद्र रहे मैन ऑफ द मैच

मतदाता जागरूकता अंतर्गत धार जिला मुख्यालय पर दिव्यांग जनों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बदनावर और धार की टीमों ने हिस्सा लिया। बदनावर ने पहले खेलते हुए 10 ओवर में 134 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसका पीछा करते हुए धार की टीम 8 विकेट के नुकसान पर 88 रन ही बना सकीं। बदनावर की ओर से धर्मेंद्र ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 85 रन बनाए और बाद में गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए धर्मेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया और उन्हें प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण सीईओ जिला पंचायत सविता झानिया द्वारा किया गया। विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को नगद पुरस्कार , शील्ड तथा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ी को भी नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धार जिले के सहायक कलेक्टर विशाल धाकड़, जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहें। मैच में अंपायर का दायित्व गुरु दत्त काटे और प्रमोद शर्मा द्वारा निभाया गया।

# इलेक्ट्रानिक, प्रिंट, सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों, समाचारों और पेड न्यूज पर निगरानी की बेहतर व्यवस्था

## व्यय प्रेक्षक मत्ता पदमा ने मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के कार्यों का लिया जायजा

**इन्दौर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मत्ता पदमा ने आज यहां जिला पंचायत में स्थापित मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के कार्यों का अवलोकन किया। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से निर्वाचन के दौरान इलेक्ट्रानिक, प्रिंट, सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों, समाचारों और पेड न्यूज पर निगरानी रखी जा रही है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इंदौर जिले में मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। व्यय प्रेक्षक मत्ता पदमा ने मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मॉनिटरिंग की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान इलेक्ट्रानिक, प्रिंट, सोशल मीडिया पर प्रसारित किये जाने वाले विज्ञापनों की निगरानी की व्यवस्थाएं भी देखी। उन्होंने इस प्रकोष्ठ के कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि निगरानी की बेहतर व्यवस्थाएं है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य



कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी तथा संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. आर.आर. पटेल ने उन्हें प्रकोष्ठ के संबंध में जानकारी दी। निर्वाचन के दौरान विज्ञापनों, समाचारों और पेड न्यूज पर सतत निगरानी रखने के लिये की गई व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान पेड न्यूज संबंधी मामलों, प्रिंट मीडिया में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल में प्रसारित खबरों की 24 घंटे सतत् मॉनिटरिंग/रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की गई है। न्यूज मॉनिटरिंग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं पेड न्यूज के मामलों सहित अन्य सभी कार्यों के लिये अलग-अलग दल गठित कर उनके प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। इस प्रकोष्ठ में जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित विषय विशेषज्ञों की टीम लगायी गई हैं। टीम में देवी अहिल्या विश्व विद्यालय के प्रोफेसरों, विभिन्न विभागों के इंजिनियरों, अन्य अधिकारी-कर्मचारियों, विशेषज्ञों सहित लगभग 80 लोगों की सेवाएं ली जा रही हैं। प्रकोष्ठ की टीमों द्वारा तीन पारियों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की खबरों की सतत् निगरानी की जा रही है। यह कार्य प्रतिदिन तीन पारियों में सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक और रात्रि 10 से अगले दिन सुबह 6 बजे तक निरन्तर किया जा रहा हैं। समाचार पत्र, पत्रिकाओं में प्रकाशित समाचारों एवं मीडिया रिपोर्ट्स की निगरानी एवं कतरनों के संधारण कार्य के लिए भी अलग टीम सुबह 6 से शाम 6 बजे तक कार्य कर रही हैं।

### ऑनलाईन कन्सलटेशन टेली-मेडिसिन के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के न्यायाधिपति विवेक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में बुधवार को केन्द्रीय जेल भोपाल में परिरूद्ध बंदियों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं गांधी मेडीकल कॉलेज ÷शासकीय हमीदिया अस्पताल÷ भोपाल के सुगम समन्वय से चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन पाण्डया द्वारा ऑनलाईन कन्सलटेशन ÷टेली-मेडिसिन÷ के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ऑनलाईन चिकित्सकीय परामर्श में 10 दण्डित बंदी, 12 विचाराधीन बंदी, 6 महिला बंदी एवं एक बच्चे सहित कुल 29 व्यक्तियों को ऑनलाईन कन्सलटेशन के माध्यम से चर्मरोग संबंधी परामर्श एवं उपचार सुझाया गया।

# मतदान दलों के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 27 से 30 तक

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलो को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम अप्रैल माह की 27 से 30 तारीख तक आयोजित किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी अनिल कुमार डामोर के द्वारा ततसंबंध में जिले के समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी को पत्र प्रेषित कर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार इस प्रशिक्षण में उल्लेखित तमाम व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि जिले की पांचो विधानसभाएं क्रमशः विदिशा, गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज एवं शमशाबाद के सहायक रिटर्निंग आफीसरो को प्रशिक्षण के संबंध में बिन्दुवार जानकारियां तैयार कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

**मतदान दल**

मतदान दलो के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में मतदान दलो के सदस्यो के स्वास्थ्य की दृष्टि से मेडिकल टीम की मय आवश्यक दवाईयों सहित प्रशिक्षण स्थल पर व्यवस्था करें। प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष में लेपटॉप व प्रोजेक्टर की व्यवस्था की जाए। वहीं प्रशिक्षणार्थियों के लिए शुद्ध शीतल पेयजल की आपूर्ति के भी प्रबंध क्रियान्वित किए जाए। मतदानकर्मियों को 45 मिनिट का भोजन अवकाश दिया जाकर प्रशिक्षण स्थल पर ऑन पैमेंट चाय, स्वल्पाहार, शीतल पेय की व्यवस्था की जाए। प्रत्येक कक्ष में ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट मशीनो के हेण्डसऑन तथा निर्वाचन संबंधी प्रपत्रों को भरवाने की क्रास मानिटरिंग क्रियान्वित की जाए।

**सेक्टर अधिकारी**

अपर कलेक्टर डामोर ने बताया कि द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के दौरान विधानसभा अंतर्गत सभी सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित हो एवं ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट मशीनो के हेण्डसऑन कराकर प्रमाण पत्र एआरो टीप के साथ प्रस्तुत किए जाए। अनुलग्नक 28, ईव्हीएम बदले जाने संबंधी प्रमाणीकरण की जानकारी दी जाए। मतदान दिवस की रिपोर्ट निर्धारित 24 बिन्दुओं पर, मॉकपोल के दौरान बदली गई ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट रिपोर्ट का भाग चार की जानकारी तथा वास्तविक मतदान के दौरान बदली गई ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट रिपोर्ट का भाग पांच की जानकारी दी जाए। वेबकास्टिंग के संबंध में बीएलओ के साथ प्रयुक्त प्रमाण पत्र की जानकारी दी जाये। मतदान केन्द्र के भ्रमण के दौरान भ्रमण की जानकारी विजीट शीट में अनिवार्य रूप से इन्द्राज की जाना है। डाक मतपत्र द्वारा मतदान/ईडीसी प्रमाण पत्र वितरण प्रशिक्षण स्थल पर पीबी द्वारा मतदान, ईडीसी प्रमाण पत्र के वितरण आदि की व्यवस्था हेतु सुविधा केन्द्र बनाए एवं इसकी मानिटरिंग स्वंय एआरओ करेंगे। रूट, वाहन प्रभारियों का प्रशिक्षण रूटचार्ट अनुसार वाहन प्रभारियों, पटवारियों को रूटचार्ट संबंधी, ईव्हीएम हेण्डस ऑन का प्रशिक्षण दो या तीन मई को अनिवार्यतः विधानसभावार आयोजित करना सुनिश्चित करें।

# श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा कलार समाज भोपाल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**भोपाल।** श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा कलार समाज भोपाल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी व मध्यप्रदेश इकाई की कार्यकारिणी के साथ ही विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों के नामों की घोषणा गत दिवस कर दी गई।

घोषित कार्यकारिणी के पदाधिकारी निम्नानुसार हैंः-

**राष्ट्रीय प्रबंधकारिणी-** विंग कमांडर विनोद राय राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राजाराम शिवहरे राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंकज चौकसे (गोटेगांव) राष्ट्रीय महासचिव, ओमप्रकाश चौकसे राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव, अशोक शिवहरे (भिण्ड) प्रदेश प्रभारी (मध्यप्रदेश), रामकृष्ण चौकसे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, प्रकाश मालवीय राष्ट्रीय सचिव, श्रीमती कमलेश राय राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, श्रीमती रेनू मालवीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, श्रीमती अर्चना आर्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य। **प्रदेश प्रबंधकारिणी-** एच.पी. शिवहरे प्रदेश अध्यक्ष (मध्यप्रदेश), एल.एन. मालवीय प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष (मध्यप्रदेश), नरेन्द्र शिवहरे प्रदेश महासचिव (मध्यप्रदेश), जी.सी. जायसवाल प्रदेश उप महासचिव (मध्यप्रदेश), जी.एन. वर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष (मध्यप्रदेश), डॉ. आनंद चौकसे (बुरहानपुर) प्रदेश सचिव (मध्यप्रदेश), डॉ. विनोद राय (टीकमगढ़) प्रदेश उपसचिव (मध्यप्रदेश), प्रदीप राय (भोपाल) प्रदेश उपसचिव (मध्यप्रदेश), नितिन राय (मण्डला) प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, कन्हैया लाल राय (मंडीदीप) प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अरविंद राय (छिंदवाड़ा) प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, महेश चौकसे (होशंगाबाद) प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, श्रीमती संगीता गुप्ता (ग्वालियर) प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, श्रीमती जाग्रति मालवीय (भोपाल) प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अजय शिवहरे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य।

**प्रकोष्ठ अध्यक्ष-2023-** श्रीप्रकाश राय कलचुरी भवन प्रकोष्ठ, डॉ. राजेश राय एकीकरण एवं सशक्तिकरण प्रकोष्ठ, दीपक राय वरिष्ठ नागरिक उत्थान प्रकोष्ठ, श्रीमती विजयश्री शिवहरे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ, श्रीमती सुशीला चौकसे सत्संग मण्डल प्रकोष्ठ, रामशंकर शिवहरे इलेक्ट्रॉनिक व मीडिया प्रकोष्ठ, विपिन राय युवाशक्ति प्रकोष्ठ, विशाल शिवहरे (भिण्ड) कलचुरियन क्लब प्रकोष्ठ, विशाल चौकसे कमजोर वर्ग उत्थान प्रकोष्ठ, हर्ष वर्मा प्रचार-प्रचार प्रकोष्ठ।

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मेहंदी रचाई और रंगोली सजाई

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/पोरसा।** महिला बाल विकास विभाग के द्वारा पिछली विधानसभा चुनाव में जिन पोलिंगों पर कम वोट पड़े थे वहां वोटों का प्रतिशत बढ़ाने के लिए गांव-गांव जाकर मेहंदी रचाई गई तथा रंगोली सजाई गई। रंगोली सजाकर



शपथ दिलाई गई, जिससे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया तथा शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

लोकसभा विधानसभा 2024 के मत प्रतिशत बढ़ाने 15 पोलिंग पर विशेष स्वीप गतिविधि का आयोजन सहायक रिटायरिंग अधिकारी अरविंद सिंह माहोर के निर्देश में किया गया। इन 15 पोलिंग केन्द्रों पर 2019 में काम वोटिंग प्रतिशत रहा है, जिससे चापक, विजयगढ़, रतन वसई, रजौधा, डोडरी, सिलवली, कसमड़ा, रायपुर, खुर्द, बुधारा आदि प्रमुख है। इन कम वोटिंग केन्द्रों पर प्रतिशत बढ़ाने के लिए महिलाओं-पुरुषों को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में 07 मई को अपने मत का प्रयोग करने हेतु जागरूक करने महिला एवं बाल विकास पोरसा परियोजना अधिकारी सपना यादव द्वारा विभिन्न केन्द्रों पर गतिविधियां जैसे निर्वाचन शपथ, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता, रैली, प्रमुख गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्सट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया हैं।

निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार द्वितीय चरण में 26 अप्रैल (शुक्रवार), तृतीय चरण में 07 मई (मंगलवार) एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को होने वाले निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए उक्त तिथियों में सामान्य अवकाश घोषित किया है।

# जिला दण्डाधिकारी ने 03 आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मुरैना अंकित अस्थाना ने पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के प्रस्ताव पर 03 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है, इन आदतन अपराधियों पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी श्री अस्थाना ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5,6 के प्रावधानों के अंतर्गत यह कार्यवाही की है।

जिन आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है, उनमें ग्राम माता बसैया निवासी 46 वर्षीय शिवसिंह उर्फ शिब्बू पुत्र जसबन्त सिंह कुशवाह, ग्राम बिचौली थाना माता बसैया निवासी 25 वर्षीय युवराज उर्फ शिवानी कुशवाह पुत्र सुरेन्द्र सिंह कुशवाह, ग्राम खेरियाकला थाना माता बसैया निवासी 46 वर्षीय मोहर सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह गुर्जर के नाम शामिल है। इन तीनों आदतन अपराधियों कि आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला दण्डाधिकारी ने इन आदतन अपराधियों को आदेशित किया है, कि वह जिला मुरैना एवं उसके निकटवर्ती जिले ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर एवं शिवपुरी की सीमा से 01 वर्ष की अवधि के लिये बाहर चला जाये, बिना पूर्व स्वीकृति के इन जिलों की सीमा में प्रवेश न करें।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर नायब तहसीलदार भिण्ड तत्काल प्रभाव से निलंबित

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** चम्बल संभागायुक्त संजीव कुमार झा ने नायब तहसीलदार भिण्ड श्रीमती रूपम गुप्ता को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह निलंबन की कार्यवाही कलेक्टर भिण्ड के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। विदित है, कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के ईडीसी शिकायत आदि का प्रभारी नियुक्त किया गया था। इसके बावजूद भी श्रीमती गुप्ता के अनुपस्थित रहने के बाद सौंपे गये कार्य का भलिभांति निर्वहन नहीं किया गया। श्रीमती गुप्ता को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। इस संबंध में श्रीमती गुप्ता को कई बार मौखिक समझाईश दी गई थी, परंतु सौंपे गये कार्य में आपके द्वारा कोई रूचि नहीं ली गई। इस पर चम्बल आयुक्त संजीव कुमार झा ने श्रीमती रूपम गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कलेक्ट्रेट जिला भिण्ड रहेगा।

## दीदियों ने ग्रामीणजनों को मतदान के लिए किया जागरूक

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार मुरैना में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिये स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत हीरापुर में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान केंद्र में सफाई करते हुए शपथ ग्रहण एवं समूह की दीदियों को जागरूक किया गया और उन्हें आओ चले बूथ पर स्वीपसखी एवं स्व सहायता समूह की दीदियों ने मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में 6 और 7 मई को अस्थाई अस्पताल बनाया जाये: जिला पंचायत सीईओ

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान गर्मी को ध्यान में रखते हुये स्वास्थ्य विभाग 06 एवं 07 मई को पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में अस्थाई हॉस्पीटल बनाये। यह निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने गत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



जिला सीईओ डॉ. गढ़पाले ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदान दल 6 मई को मतदान दल रवाना होगें और 7 मई को मतदान दल वापस लौटकर पॉलीटेक्निक कॉलेज आयेंगे। गर्मी को देखते हुये लू न लगे, इसके लिये पॉलीटेक्निक कॉलेज में 06 एवं 07 मई को अस्थाई अस्पताल बनाया जाये। जिसमें 4 एम्बूलेंस, मय चिकित्सक, पैरा मेडीकल स्टाफ आवश्यक औषधियां सामग्री सहित उपस्थित रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी 6-6 घंटे के मान से वहां चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी के ड्यूटी आदेश जारी करें। आपातकालीन में चिकित्सीय स्थिति से समय रहते बचा जा सके।

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे।




यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक, डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।

सभी मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी, मार्गदर्शन के लिये उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटोयुक्त ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान अधिकारी को दिखाना होगा।

# भाजपा ने चम्बल अंचल में कराया है आपेक्षित विकास: शिवमंगल सिंह

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुरैना-श्योपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर ने गत दिवस अपने लोकसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान श्री तोमर का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया।



जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि बीते वर्षों में मप्र एवं केन्द्र की भाजपा सरकारों ने मुरैना-श्योपुर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में एबीसी कैनाल रोड का निर्माण हुआ है, जिससे नहर की पट्टी पर बसे गांवों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-श्योपुर ट्रेक पर दौड़ रही ब्रॉडगेज ट्रेन भाजपा सरकार की देन है। प्रत्याशी श्री तोमर ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से किसान, महिलाओं सहित सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के रथ का पहिया अनवरत रूप से घूमता रहे, इसके लिए जनता फिर से भाजपा को अपना आशीर्वाद देकर केन्द्र में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी सरकार बनाने का काम करें।

# कांग्रेस प्रत्याशी नीटू ने जौरा क्षेत्र में किया सघन जनसंपर्क

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) द्वारा गत दिवस जौरा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया गया। कटीवरी हनुमान मंदिर पर दंगल का आयोजन हो रहा था, यहां पर भी सत्यपाल सिंह पहुंचे और उन्होंने पहलवानों से परिचय प्राप्त किया तथा आमजनता से मुलाकात की। यहां के बाद श्री नीटू जौरा पहुंचे जहाँ उन्होंने अनेक क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से कहा कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जो सभी को साथ लेकर चलती है। कांग्रेस का एक इतिहास रहा है। कांग्रेस के नेताओं ने आजादी की लड़ाई में संघर्ष किया। इसी का परिणाम रहा कि अंग्रेजों को देश छोड़कर जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग जनता को सिर्फ गुमराह करने का कार्य करते हैं। वह दिन दूर नहीं जब भाजपा के लोगों को मतदाता सबक सिखायेंगे। उन्होंने कहा कि यदि मुझे विजयी बनाया तो मैं अंचल का समग्र विकास करूंगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह कि आगामी 07 मई को वे कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें।



# कांग्रेस व भाजपा ने लोगों को बरगलाने का कार्य किया: रमेश गर्ग

## बसपा प्रत्याशी ने अनेक क्षेत्रों में किया सघन जनसंपर्क

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार व केएस ग्रुप के चेयरमैन रमेश गर्ग द्वारा गत दिवस अनेक क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया गया। इस दौरान उनकी महिला टीम द्वारा भी घर-घर जाकर महिला मतदाताओं से संपर्क कर बसपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया गया। अपने जनसंपर्क के दौरान बीएसपी प्रत्याशी रमेश गर्ग ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सभी लोगों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। बहुजन समाज पार्टी ने हमेशा दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिलाओं का साथ दिया है। बसपा की सुप्रीमो बहिन कु. मायावती ने समाज को नई दिशा प्रदान की है। आज समय आ गया है जब आप लोगों को बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में मतदान करना है। श्री गर्ग ने कहा कि यदि आप लोगों ने मुझे विजयी बनाया तो मैं निश्चित रूप से क्षेत्र का आपेक्षित विकास करूंगा। विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी।



# यूसीमास गांधी कॉलोनी के बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे प्रतिभा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** गणित की 200 जटिल गणनाएं और हल करने के लिए सिर्फ 8 मिनट का समय, शायद कैलकुलेटर की मदद से ही इतने कम समय में इन्हें हल करना संभव हो, लेकिन गणित के नन्हे जादूगरों को बिना किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मदद के 8 मिनट में हल करना होगा। यह सब संभव होगा यूसीमास की 19वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जो कि 27 अप्रैल 2024 को इंदौर में आयोजित होगी।



यूसीमास गांधी कॉलोनी मुरैना के संचालक डॉ. ए.के. गुप्ता ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संपूर्ण मध्य प्रदेश से लगभग 12 हजार नन्हे मुन्ने गणितज्ञ शामिल होंगे।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 5 से 15 वर्ष तक के बच्चे ही भाग लेते हैं। गांधी कॉलोनी यूसी मास के संचालक डॉ.ए. के. गुप्ता ने बताया कि राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में गणित संबंधी गुणा, भाग, जोड़ एवं अंक गणित के 200 प्रश्न 8 मिनट से भी कम समय में लिखित में हल करने का लक्ष्य होता है यानी कि यूसीमास के बच्चे 8 मिनट से भी कम समय में 200 प्रश्न हल करते हैं। इस प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में ट्राफी एवं नगद राशि से पुरुस्कृत किया जाता है।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में निम्न बच्चे शामिल हो रहे हैं- सुभ्या तोमर, परिणीता शर्मा, दृष्टि नागोरिया, आयुष राठौर, मनांस जैन, अक्षत शर्मा, अक्षय यादव, आयुष त्रिवेदी, अनिष्ठा त्रिवेदी, स्वस्ति जैन, वैष्णव शर्मा, हर्षवर्धन सिंह तोमर, शिवांश गुप्ता, गौरांवि कंसाना, शांभवी गंगवार, अभिनव अग्रवाल, अरनव जैन, अथर्व अग्रवाल, आयुषी राठौर, काव्य शुक्ला, केतन राठौर, कुणाल जालौन, मौलिक कटारे, मयंक शर्मा, नंदिनी जायसवाल, निलोहित सिंह सिकरवार, ऋषभ अग्रवाल, ऋतिक कुलश्रेष्ठ, रूद्र त्यागी, समीक्षा प्रजापति, संकल्प अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, सौरभ राठौर, शौर्य कुमार शाक्य, श्रेष्ठ तोमर, स्वस्ति जैन, वंशिका राजोरिया, वरदान गर्ग, विलियमसन, सार्थक उपाध्याय आदि बच्चे भाग ले रहे हैं।

# नाबालिग को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** ग्राम हांसई, ग्राम पंचायत हांसई मेवदा में बाल विवाह की शिकायत प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप राय के निर्देशन में परियोजना अधिकारी श्रीमती निशा शंखवार सेक्टर पर्यवेक्षक ऋतु गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्यामवती बघेल द्वारा ग्राम में तत्काल मौके पर पुलिस बल के साथ उपस्थित होकर दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर बालिका नाबालिग पाई गई। तत्पश्चात् बालिका को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया

# जब हमारे द्वारा किए गए सत्कर्मों का अभिमान नष्ट हो जाता है तब रास होता है रास का अर्थ है पूर्ण समर्पण: कान्हा जी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** किशन नगर बीरमपुरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास ने रुकमणी विवाह व रास पंचाध्यायी के प्रसंग की कथा सुनाते हुए कहा कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी बुद्धिमान सुंदर और सरल स्वभाव वाली थीं। पुत्री के विवाह के लिए पिता भीष्मक योग्य वर की तलाश कर रहे थे। राजा के दरबार में जो कोई भी आता वह श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की प्रशंसा करता। कृष्ण की वीरता की कहानियां सुनकर देवी रुक्मिणी ने उन्हें मन ही मन अपना पति मान लिया था। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। इस अवसर पर आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। गोपालपुरा वाले दंडोतिया परिवार द्वारा बीआर फार्म हाउस पर कराई जा रही भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास कान्हा सरकार ने रास पंचाध्यायी के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब हमारे द्वारा किए गए सत्कर्मों का अभिमान नष्ट हो जाता है, तब रास होता है। रास का अर्थ है पूर्ण समर्पण साधन तत्व का अभिमान छोड़कर जब हम आत्म तत्व से ईश्वर से जुड़ जाते हैं तभी रास होता है। उन्होंने कहा कि जगत के जितने भी भौतिक संसाधन है। यह केवल हमारी व्यवस्था है, सुख नहीं है। क्योंकि धन से हम बंगला बना सकते हैं विचार नहीं। धन से हम गद्दा ला सकते हैं, नींद नहीं। आज इस भौतिकता के पीछे हम अंधे होकर भाग रहे हैं। याद रखिए अगर अच्छे विचार हैं तो झोपड़ी में भी सुख है और अच्छे विचार नहीं हैं तो महलों में भी शांति नहीं है। सद्विचार ही रास हैं। उद्धव चरित्र के माध्यम से शुकदेव महाराज कहते हैं ज्ञान, वैराग्य एवं भक्ति तीनों तभी अच्छे लगते हैं, जब इनके साथ-साथ सबके प्रति प्रेमभाव हो, प्रेम संकीर्ण नहीं विस्तृत होना चाहिए। कथा समापन पर भागवत आरती उतारकर परीक्षित श्रीमती शांति देवी, किशन सिंह दंडोतिया, राजेश दंडोतिया, बंटी दंडोतिया, प्रियंका बंसल, गोपाल बंसल ने प्रसाद वितरण किया।



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विद्यावती सिकरवार पत्नी विष्णु सिकरवार उम्र 24 वर्ष जाति ठाकुर निवासी पुराना सेलटैक्स हनुमान मंदिर के पास शिवनगर मुरैना की निवासी हूँ। यह कि मेरा घरेलू नाम हेमू सिंह तोमर पुत्री अंगद सिंह तोमर निवासी पृथ्वीपुरा तहसील पोरसा के नाम से भारतीय स्टेट बैंक तालाब रोड ब्रांच में एक बचत खाता जिसका अकांउट नम्बर 37815797494 है। जबकि मेरे शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम विद्यावती सिकरवार है। मेरा नाम हेमू सिंह तोमर घरेलू व विद्यावती सिकरवार शासकीय अभिलेखों में दर्ज एक ही महिला का नाम है। मेरा नाम भविष्य विद्यावती सिकरवार समझा जावे।

हेमू सिंह तोमर की शादी मुरैना में 2019 में हो चुकी है हेमू का नया नाम विद्यावती सिकरवार है,मेरा जन्म दिनांक 28.6.2000 है। धर्मपत्नी विष्णु सिकरवार पता पुराना सेलटेक्स हनुमान मंदिर के पास शिवनगर मुरैना है, मेरा आधार कार्ड नं. 408397892621 में अंकित है। भविष्य में हेमू सिंह तोमर की जगह मेरे नाम को विद्यावती सिकरवार समझा जावे। यह सूचना आमजन हेतु प्रकाशित है जो समय पर काम आवें।

सूचनाकर्ता
विद्यावती सिकरवार पत्नी विष्णु सिकरवार
निवासी-पुराना सेलटेक्स हनुमान मंदिर के पास
शिवनगर मुरैना (म.प्र.)

# बीआरसीसी पोरसा ने प्राइवेट स्कूल संचालकों को दिए कड़े निर्देश

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/पोरसा।** बीआरसीसी पोरसा शैलेन्द्र सिंह तोमर एवं उनकी टीम मे शामिल बीएसी मनोज तोमर, बीएसी पूरन व्यास, बीएसी होम सिंह और सीएसी मोहन वर्मा के साथ प्राइवेट स्कूलों मे जाकर यह निरीक्षण किया गया कि बच्चों को कौन-सी पुस्तकों से पढ़वाया जा रहा है। ऐसी शिकायतें आई थीं कि कमीशन के लालच मे प्राइवेट स्कूल वाले बच्चों पर पुस्तकों का अनावश्यक बोझ बढ़ा देते हैं, जिससे उनके सर्वांगीण विकास मे बाधा पहुंचती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में एसडीएम अम्बाह के मौखिक आदेश का पालन करते हुए बीआरसीसी एवं टीम ने प्राइवेट स्कूल ग्रीन लेंड, द्रोण स्कूल, कृष्णा इन्टरनेशनल, लिटिल जेंट्स, एनडी कॉन्वेंट आदि स्कूलों का निरीक्षण किया। बच्चों के बस्ते चैक किये। कुछ स्कूलों के ऑफिस खुले थे। बच्चे अनुपस्थित थे, किन्हीं स्कूलों मे पढ़ाई हो रही थी। जिन स्कूलों मे संबद्ध बोर्ड से संबंधित शासन द्वारा निर्धारित पुस्तकों के अलावा अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें मिलीं उन संचालकों को कड़ी फटकार लगाई एवं निर्देश दिये कि भविष्य मे अगले निरीक्षण में ऐसी स्थिति निर्मित न हो।

# कोंथर व जौरा की छात्राओं ने मैरिट लिस्ट में स्थान बनाया

**मुरैना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा बुधवार को कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इनमें ग्राम कोंथर पोरसा निवासी श्रुति तोमर ने कक्षा 10वीं में प्रदेश की टॉप-10 लिस्ट में 5वां स्थान प्राप्त किया है। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि श्रुति के माता-पिता का निधन दुर्घटना में हो गया था। उसके दादा-दादी ने उसे पढ़ाया। उधर जौरा निवासी स्नेहा त्यागी ने कक्षा 12वीं मैरिट लिस्ट में 8वां स्थान प्राप्त किया है। निश्चित रूप से इन दोनों छात्राओं का टॉप-10 में नाम आना गौरव की बात है।

## हाउस ऑफ केमिस्ट्री की छात्रा नंदिनी शर्मा ने 100 अंक प्राप्त किए



मुरैना। शहर में लगातार 5 वर्षो से क्लास एमपी बोर्ड 12वीं में कैमिस्ट्री में 100/100 अंक देने वाली संस्था बनी कोचिंग हाउस ऑफ केमिस्ट्री अरुण शर्मा सर। गणित विषय के शिक्षक बी.एम. सर, डी.के. जैन सर और अन्य शिक्षकों का कहना है कि क्रिकेट जगत में सचिन तेंदुलकर भी 100 से कम पर आउट हो जाते हैं, लेकिन अरुण सर आउट नहीं होते हैं। 2024 में भी नंदिनी शर्मा ने 100 में से 100 अंक प्राप्त करके फिर से अरुण सर का नाम रोशन कर दिया। 2023 में यश शर्मा, रोहित प्रजापति ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए थे। 2022 में हेमा डण्डौतिया 100 अंक प्राप्त किए थे। 2020 में प्रिया उपाध्याय ने भी 100 अंक प्राप्त किए थे।

## अंकुश ने कक्षा 10 में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**मुरैना।** रतिराम पुरा दिमनी के अंकुश शर्मा पुत्र सियाराम शर्मा ने 10 वीं कक्षा में 91 प्रतिशत अंक हासिल बने गुरुकुल डे बोर्डिंग स्कूल टॉपर। अंकुश की सफलता पर उनके बड़े भाई पवन भारद्वाज, परिवारजनों व ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाई दी है।

# 3 कट्टा, 5 जिंदा कारतूस समेत चार बदमाश गिरफ्तार

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** नगरा थाने की पुलिस ने मंगलवार को दोहर्रा के पुलिया का पुरा में वारदात की नीयत से घूम रहे बबलू तोमर पुत्र जयनारायण तोमर नि. पुलिया का पुरा दोहर्रा को 315 बोर कट्टा और जिंदा राउण्ड के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी एसआई रामकुमार सिंह गौतम, प्र.आर. मुनेन्द्र राजावत, रघुनंदन सिंह, आर. गोविंद भदौरिया, भूपेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह शामिल थे। इधर एक अन्य कार्रवाई में कोतवाली पुलिस ने शिवपाल बघेल पुत्र दाताराम बघेल नि. इस्लामपुरा मुरैना को जिंदा राउण्ड और 315 बोर कट्टा, पोरसा पुलिस ने लक्ष्मण सखवार नि. तेजसिंह की गढ़ी और प्रकाशचंद्र मीणा नि. बूंदी राजस्थान को पांच जिंदा राउण्ड एवं 315 बोर कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिए है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)**

क्रमांक/राजस्व/2024 — **//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//** — मुरैना, दिनांकः- 24.04.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैं:-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भ.क्र. 613/1 नया वार्ड 12 पुराना वार्ड 37 | श्रीमती सरोज देवी पत्नी रामचरन सिंह निवासी- एमआईजी 514, पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मुरैना | अशोक कुमार जैन पुत्र अमीचन्द जैन | विक्रय पत्र के आधार पर |
| 2 | भूखण्ड वार्ड क्र. 10 | श्रीमती मीना देवी पत्नी स्व. ओमप्रकाश जैन निवासी- वार्ड क्र. 10 जौरी, मुरैना | योगेन्द्रपाल गुप्ता पुत्र नरेन्द्रपाल गुप्ता मनोज अग्रवाल पुत्र सियाराम अग्रवाल | विक्रय पत्र व पटवारी खसरा के आधार पर |
| 3 | भूमि वार्ड 43 राजगुरू भोंडेरी मुरैना | अनिल कुमार जैन पुत्र दर्शनलाल जैन निवासी- जैन बगीची, मुरैना | रामफल सिंह गुर्जर पुत्र शोभाराम जगदीश गुर्जर पुत्र राधाकिशन | विक्रय पत्र, पटवारी खसरा, डायवर्सन, नजूल एनओसी के आधार पर |
| 4 | भूमि वार्ड 43, भोंडेरी मुरैना | श्रीमती मिथलेश जैन पत्नी महेशचन्द निवासी- रेलवे फाटक बाहर अम्बाह रोड मुरैना | श्रीमती सुनीता जैन पत्नी महेशचन्द जैन | विक्रय पत्र, पटवारी खसरा, डायवर्सन, नजूल एनओसी के आधार पर |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 30 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

वास्ते सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम, मुरैना

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/ 1478
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल
ई मेल- mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन- 0755-2553402 फैक्स-0755-2552406

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक- 571/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 19/04/2024

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 09-05-2024 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_WRD_341788 | मोहगांव जलाशय के रेडियल गेटों के संचालन हेतु जनरेटर एवं चौकीदार कक्ष का निर्माण कार्य। | छिन्दवाड़ा | 16.62 |
| 2 | 2024_WRD_341793 | बरगांव जलाशय का सुधार कार्य। | डिंडौरी | 16.68 |
| 3 | 2024_WRD_344519 | म.प्र. राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्रधिकरण से सीप-अम्बर सिंचाई काम्प्लेक्स परियोजना फेस-2 के पर्यावरण क्लीयरेंस का कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | सीहोर | 9.53 |
| 4 | 2024_WRD_347241 | चेंटीखेड़ा वृहद् सिंचाई परियोजना के पर्यावरणीय प्रभाव का आंकलन। (तृतीय आमंत्रण) | मुरैना | 10.83 |
| | | | कुल योग | 53.66 |

G11044/24

मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा में डेढ़ हजार जवान और अधिकारी रहेंगे तैनात

ग्वालियर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुरुवार 25 अप्रैल को संक्षिप्त प्रवास पर ग्वालियर आकर मुरैना में सभा में शामिल होने के लिए जाएंगे। इसको लेकर पुलिस ने शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, क्योंकि पीएम प्लेन से ग्वालियर पहुंचेंगे और मौसम ठीक रहा तो हेलीकॉप्टर से मुरैना रवाना होंगे। अगर मौसम में किसी तरह की खराबी होती है तो पीएम सड़क मार्ग से मुरैना पहुंचेंगे, इसके लिए पुलिस अफसर और जवानों को तैनात कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुरैना आगमन को देखते हुए पुलिस ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। आज गुरूवार 25 अप्रैल को सुबह आठ बजे से ही पुलिस बल को उनके प्वाइंट पर तैनात कर दिया जाएगा, जो पीएम के रवाना होने तक वहां पर तैनात रहेगा। इस दौरान जमीन से लेकर आसमान तक पुलिस ने निगरानी शुरू कर दी है। पीएम सड़क



फाइल फोटो

मार्ग से मुरैना जाते हैं तो एयरपोर्ट से लेकर निरावली तिराहे तक करीब डेढ़ हजार जवान और अफसर तैनात किए जा रहे हैं, जिससे सुरक्षा में किसी तरह की ढिलाई ना रहने पाए। बुधवार की सुबह पुलिस अफसरों ने पीएम के आगमन पर किसी तरह की परेशानी ना आए और तैयारियों में कोई कमी ना छूटे, इसे परखने के लिए अफसरों ने कारकेड निकाला। कारकेड ग्वालियर से चलकर मुरैना पहुंचा और फिर वहां से वापस आया। सुरक्षा को कड़ी करते हुए बुधवार से ही पुलिस कप्तान ने सैकेड टीम भी थानों पर बुलवा ली, जिससे कोई कमी होने पर सैकेण्ड टीम तैनात टीम के स्थान पर तैनात की जाएगी।

जिन रास्तों से प्रधानमंत्री का काफिला गुजरने की संभावना है, उन रास्तों को उनके आने से आधा घंटे पहले रोका जाएगा और काफिला निकलने के बाद छोड़ा जाएगा। रास्ते में सुरक्षा के लिए यातायात पुलिस के साथ ही जिला पुलिस के जवान और अफसर तैनात रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आज गुरूवार सुबह करीब 11 बजे आने की संभावना है और 11 बजे मुरैना के लिए रवाना होंगे और साढ़े 11 बजे मुरैना में सभा में शामिल होने के बाद दोपहर करीब साढ़े बारह बजे पीएम वापस एयरपोर्ट पहुंचेंगे और दिल्ली के लिए रवाना होंगे। पीएम की सुरक्षा को देखते हुए गुरुवार को ग्वालियर नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस दौरान प्रतिबंधित में हवाई क्षेत्र में ड्रोन सहित अन्य फ्लाई सेवा प्रतिबंधित रहेंगी और जो भी इस इलाके में प्रतिबंध का उल्लंघन करता मिला तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# कक्षा 10वीं व 12 वीं का एक साथ मुख्य परीक्षा परिणाम घोषित

## - ग्वालियर में 10 वीं के 13695 और हायर सैकेड्री के 12099 परीक्षार्थी उत्तीर्ण
## - बीते साल से भी अच्छा नहीं रहा, 40 से 45 प्रतिशत बच्चे हो गये फेल

**ग्वालियर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने बुधवार की शाम को कक्षा 10 व 12 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। प्रदेश में 60 प्रतिशत से कम बच्चे पास हुए हैं। यह छह साल में सबसे खराब रिजल्ट रहा है। ग्वालियर जिले की बात करें तो यहां तो और भी कम बच्चे पास हो सके हैं। 10 वीं का 55 और 12 वीं का परीक्षा परिणाम 59 प्रतिशत रहा है। इस साल सर्वाधिक छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। हालांकि टॉप टेन में छात्राएं आगे है। ग्वालियर में 13695 परीक्षार्थी कक्षा 11 वीं में आ गए हैं और 12099 छात्र छात्राओं ने कक्षा 12 वीं पास कर ली है। लगभग 40 से 45 प्रतिशत बच्चे फेल हो गये हैं। पूरक परीक्षार्थियों को एक और मौका दिया जाएगा। उनके लिए 10 जून से यह परीक्षा होगी।

इस साल बीती 5 फरवरी से एमपी बोर्ड द्वारा कक्षा 10 और 12 वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हुई थी जो 5 मार्च तक संपन्न हुई। उक्त परीक्षा के लिए ग्वालियर जिले से कक्षा 10 वीं के कुल 25 हजार 186 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जबकि 24967 परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल हुए जिनमें से 7290 छात्र और 6405 छात्राएं कुल



13695 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हो सके। इस तरह 55 प्रतिशत बच्चे कक्षा 10 वीं की परीक्षा पास कर सके है। 45 प्रतिशत फेल है। टॉप टेन में ग्वालियर जिले से एक छात्रा अपना स्थान बना सकी है। इसी तरह से ग्वालियर जिले में कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणाम पर नजर डालें तो यहां इस साल 20485 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जबकि 20377 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें से 6641 छात्र और 5458 छात्राओं ने कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण कर ली है। इस तरह कुल 12099 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिनका पास प्रतिशत 59 रहा है। 41 प्रतिशत परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा में फेल हो गए हैं। शिक्षा अधिकारियों के अनुसार ग्वालियर से टॉप टेन सूची में विभिन्न संकाय समूह से कुल 8 छात्र छा.एं हैं।

यह छात्र छात्राएं टॉप टेन सूची में माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल परीक्षा में ग्वालियर जिले से कु पलक शर्मा पुत्री अजय शर्मा शारदा विद्या पीठ हाई स्कूल ने राज्य स्तर की प्रावीण्य सूची टॉप टेन में नौवा स्थान बनाया है। कु पलक ने 486 अंक लाकर ग्वालियर जिले का नाम रोशन किया है। वहीं कक्षा 12 वीं के वाणिज्य समूह में अंशिका जैन पुत्री अमित जैन ने डबरा संत कंवरराम स्कूल में पढकर 500 में से 477 अंक लाकर टॉप टेन सूची में सांतवा स्थान तय किया है। जीव विज्ञान समूह की रूद्राश शर्मा पुत्र अजय शर्मा एवं कु यशिका अग्रवाल पुत्री संतोष अग्रवाल उत्कृष्ट कवद्यालय क्रमांक एक ने भी प्रावीण्य सूची में अना स्थान बनाया है। आठवे स्थान पर कला समूह की छात्रा त्रृति गौतम पुत्री सुनील गौतम रही है उन्होंने शासकीय उच्चजर माध्यमिक विद्यालय उत्कृष्ट क्रमांक एक मुरार में पढकर 500 में से 479 अंक प्राप्त किये। वहीं गणित समूह से हर्ष सक्सैना पुत्र प्रभात सक्सैना ने डबरा में पढकर दसवां स्थान तय किया है। इसी तरह कु ज्योति तोमर पुत्री देवेन्द्र तोमर ने 482 अंक के साथ टॉप टेन में दसवा स्थान पाकर बाजी मारी है।

**बीते साल की अपेक्षा 14 प्रतिशत सुधर गया रिजल्ट**

कक्षा 12 वीं का रिजल्ट बीते साल की अपेक्षा 14 प्रतिशत का सुधार हुआ है। क्योंकि वर्ष 2023 में हायर सैकेड्री का जिला स्तर पर 44 86 प्रतिशत रहा था। जबकि इस साल 14 प्रतिशत बढकर 59 प्रतिशत परीक्षा परिणाम आया है। प्रदेश स्तर पर भी 9 प्रतिशत का सुधार हुआ है। हालांकि कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम चिंताजनक है क्योंकि ग्वालियर में बीते साल की अपेक्षा 4 प्रतिशत अधिक बच्चे फेल हो गये है। प्रदेश में भी उत्तीर्ण प्रतिशत घट गया है।

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए आपराधिक तत्वों के खिलाफ करें कार्रवाईः अनुपम राजन

**ग्वालियर।** आगामी लोकसभा चुनाव में ग्वालियर - चंबल संभाग में असामाजिकतत्व कोई विघ्न बाधा उत्पन्न न कर सकें और दोनों संभागों में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो सके इसको लेकर चुनाव आयोग सतर्क और गंभीर है। चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला और पुलिस प्रशासन आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ एनएसए व जिला बदर सहित सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी कर रहा है जिससे आम मतदाताओं में विश्वास कायम हो और वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने ग्वालियर व चंबल संभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर दोनों संभागों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये हर मतदान केन्द्र तक व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित करने की बात भी कहीं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने ग्वालियर चंबल संभाग के पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि अंतर्राज्यीय व अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखें। अवैध धन, मदिरा व अन्य मादक पदार्थ व अवैध हथियारों सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री अभियान बतौर जब्त करें। साथ ही इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने बाउण्डओवर की कार्रवाई में तेजी लाने और जिला बदर आदेश का कड़ाई से पालन करने पर विशेष बल दिया। साथ ही कहा कि एसएसटी, एफएसटी व वीएसटी पूरी तरह मुस्तैद व सतर्क होकर काम करें। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था अंशुमान सिंह ने सभी पुलिस अधीक्षकों से कहा कि असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई ऐसी हो, जिससे अपराधियों में खौफकायम हो और मतदाताओं में विश्वास। संभाग आयुक्त ग्वालियर डॉ. सुदाम खाड़े ने बैठक में जानकारी दी कि सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों के साथ इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग हो चुकी हैं। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर संभाग के सभी जिलों में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पेयजल की पुख्ता व्यवस्था कराई जा रही है।

बैठक में चंबल संभाग आयुक्त संजीव कुमार झा ने मतदान दिवस पर त्वरित कार्रवाई पर बल दिया। डीआईजी चंबल कुमार सौरभ ने कहा कि पुलिस थानों में जमा कराए गए शस्त्रों के लायसेंसधारियों के यहाँ उपलब्ध राउण्ड (कारतूस) का दुरूपयोग न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसकी निगरानी करने का सुझाव उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षकों को दिया। ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान सहित दोनों संभागों के जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने जिले की चुनाव तैयारियों एवं स्वीप गतिविधियों की जानकारी दी।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने निर्देश दिए कि सभी जिला कलेक्टर अपने-अपने जिले के सभी पोस्ट ऑफिस से सतत संपर्क बनाए रखकर शेष मतदाता पहचान पत्रों (इपिक) का वितरण कराएँ। इस काम में बीएलओ का भी सहयोग लिया जा सकता है। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर अरविंद सक्सेना, डीआईजी चंबल कुमार सौरभ तथा ग्वालियर जिले की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान और पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह सहित दोनों संभागों के सभी जिलों के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

# प्रेक्षक कृष्णा आदित्य ने क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



ग्वालियर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में चुनाव पर निगरानी रखने के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कृष्णा आदित्य ने बुधवार को भितरवार विधानसभा क्षेत्र में स्थित क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन मतदान केन्द्रों पर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिये की जा रही तैयारियों की वस्तुस्थिति जानी।

निर्वाचन प्रेक्षक कृष्णा आदित्य ने भितरवार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमरौल, ररूआ, चीनौर एवं बनवार में स्थित क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद एसडीएम एवं एआरओ डी एन सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कर क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर विशेष इंतजाम किए जाएँ। साथ ही इन मतदान केन्द्रों से जुड़े मतदाताओं को विश्वास दिलाएँ कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। प्रशासन और पुलिस उनकी सुरक्षा के लिये पूरी तरह मुस्तैद है।

# जलप्रदाय पाइप लाइन तोडने पर ठेकेदार पर 24 हजार का जुर्माना

**ग्वालियर ।** रामाजी का पुरा आर. आर. टॉवर के पास नाला निर्माण के दौरान जल प्रदाय की पाइप लाइन ठेकेदार द्वारा छतिग्रस्त करने कारण पानी अपव्यय एवं लाइन जोड़ने पर हुए व्यय 24 हजार 400 रूपये का भुगतान करने के लिए कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 01 मोतीमहल ग्वालियर को नोटिस जारी किया गया है। सहायक यंत्री जल प्रदाय उपखंड क्र. 4 आरएस शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा रामाजी का पुरा से बहोड़ापुर तक रोड़ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। रोड़ के दोनो किनारे नाले का निर्माण कार्य हो रहा है। आर. आर. टॉवर के पास दिनांक 22 अप्रैल 2024 को जल प्रदाय की पाइप लाइन नाला खुदाई के दौरान लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा तोड़ दी गई। जिसके कारण वार्ड क्र. 01 के अन्तर्गत रामाजी का पुरा एवं अन्य क्षेत्र में जल प्रदाय की समस्या बाधित हो रही है, तथा लाखों लीटर आम जनता के हिस्से का पानी नाले में बहकर बेकार हो गया। लाइन टूटने की सूचना व्हाट्सएप के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं निगमायुक्त श्री हर्ष सिंह द्वारा संबधित को अवगत कराया गया है, परन्तु ठेकेदार द्वारा आज दिनांक तक पाइप लाइन की मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। जिसके कारण आज की सप्लाई भी अधिक प्रभावित हुई है तथा 02 दिवसों में 02 लाख लीटर पानी नाले में बहकर बेकार हो गया। पानी के अपव्यय पर लगभग धनराशि 7200 रुपये एवं पाइप संधारण कार्य पर व्यय 7200 रुपये एवं पाइप बदलने पर व्यय 10 हजार रुपये कुल राशि 24,400 रुपये आया है। संबंधित ठेकेदार के बिल से 24,400 रुपये की धनराशि काटकर नगर निगम के खाते में जमा कराये जाने हेतु नोटिस जारी किया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बसपा नेता बलवीर डण्डौतिया ने भाजपा की सदस्यता गृहण की





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष सागर में बहुजन समाज पार्टी के मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा के पूर्व विधायक बलवीर डण्डौतिया ने भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासोन्मुखी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता गृहण की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता व न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा, प्रदेश शासन के मंत्री, गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री व विधायक, भूपेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष, चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, प्रदेश मंत्री व पार्टी प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े, विधायक शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया, जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया उपस्थित रहे। श्री डण्डौतिया के भाजपा में शामिल होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना, लोकसभा संयोजक अनूप भदौरिया, सह संयोजक हमीर सिंह पटेल, ब्रजकिशोर दंडौतिया, महेश मिश्रा, श्रीबल्लभ दंडौतिया, रामनरेश शर्मा, रामकुमार माहेश्वरी, जिला महामंत्री अरविंद सिकरवार, चारुकृष्ण डण्डौतिया, जिला सह मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया आदि ने बधाई दी है।

# 5 हजार का ईनामी बदमाश रामवीर गुर्जर गिरफ्तार



**मुरैना।** न्यायालय में लंबित 8 प्रकरणों में फरार चल रहे आरोपी रामवीर गुर्जर को जौरा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था। जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 8 आपराधिक प्रकरणों में नामजद आरोपी रामवीर गुर्जर पुत्र बाबूसिंह गुर्जर निवासी उदवंत का पुरा टिकटौली लंबे समय से पेशी से फरार चल रहा था। न्यायालय ने उसके विरुद्ध 8 स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। एसपी मुरैना ने रामवीर की गिरफ्तारी पर पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। बुधवार को जौरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से आरोपी रामवीर गुर्जर कस्बा जौरा के बस स्टैण्ड के पास से दबोच लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरी. उदयभान सिंह यादव, एसआई ममता गुर्जर, प्र.आर. शंभूदयाल, प्रवेन्द्र तोमर, गुलाब सिंह, आरक्षक राजेन्द्र सिंह, नकुल तोमर, मनीष निमोर, विक्रम सिंह, विनोद धाकड़, अजय धाकरे, अवधेश पवैया शामिल थे।

# लापता उमेश प्रजापति का शव कुएं में मिला, दो आरोपी गिरफ्तार

## लंगड़या गांव निवासी मृतक ग्वालियर में कर रहा था बीटेक की पढ़ाई

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** बीते 17 अप्रैल को शहर के गल्लामंडी क्षेत्र से गायब हुए लंगड़या गांव निवासी उमेश प्रजापति का शव पुलिस ने बुधवार को स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के इमलिया गांव स्थित एक सूखे कुएं से बरामद कर लिया। उमेश के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था और उसके दोनों हाथों को रस्सी से पीछे की ओर बांध दिया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद हत्या के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।



मृतक



जानकारी के अनुसार अंबाह क्षेत्र के लंगड़या गांव निवासी बीटेक छात्र उमेश प्रजापति 20 पुत्र रामगोविंद प्रजापति ग्वालियर में पढ़ाई कर रहा था। कुछ दिनों पहले उमेश अपने गांव पहुंचा था। 17 अप्रैल को उमेश अपने बड़े भाई के साले सतेन्द्र प्रजापति निवासी दौनियापुरा गोरमी के साथ बाइक लेकर मुरैना के गल्लामंडी क्षेत्र में एक शादी में शामिल होने आया था। यहीं से उमेश गायब हो गया था। दूसरे दिन कोतवाली पुलिस ने उमेश की बाइक अंबाह बायपास रोड से बरामद की थी। जिसके बाद पुलिस उमेश की तलाश में जुटी थी। बुधवार को स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के इमलिया गांव स्थित एक कुएं के पास से गुजर रहे ग्रामीणों को दुर्गंध महसूस हुई तो उन्होंने कुएं में झांककर देखा, सूखे कुएं में उन्हें लाश पड़ी दिखाई दी। तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को कुएं से निकलवाया। मृतक की शिनाख्त उमेश प्रजापति के रूप में हुई। मृतक उमेश के मुंह में रूमाल ठूंसा हुआ था, दोनों हाथ रस्सी से पीछे बांध दिए गए थे। उसके गले पर फंदे के निशान भी मिले। जिससे जाहिर होता है कि उसकी गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव को कुएं में फेंका गया था।

**प्रेम प्रसंग के चलते बीटेक छात्र उमेश की हुई हत्या**

मृतक उमेश के परिजन ने उसके लापता होने के बाद पुलिस को लंगड़या गांव की वंदना नामक युवती से प्रेम प्रसंग होना बताया था। परिजन ने पुलिस को व्हाट्सएप चैट भी दिखाए थे। जिनके आधार पर कोतवाली पुलिस ने युवती के पिता रामहंस राठौर सहित अन्य के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज किया था। बुधवार को उमेश का शव मिलने के बाद पुलिस ने मामले में धारा-302 का इजाफा भी कर दिया।

**युवती के फौजी पिता सहित दो आरोपी गिरफ्तार**

उमेश के परिजन ने बताया कि मूलतः लंगड़या गांव निवासी रामहंस राठौर बीएसएफ में जवान है। वंदना उसकी बेटी है। वंदना इन दिनों अपने पिता के साथ नोएडा में रह रही है। उमेश का शव मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने बुधवार को वंदना के पिता रामहंस राठौर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# पीएम के आगमन पर इस तरह रहेगी यातायात व्यवस्था

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** व्हीव्हीआईपी भ्रमण के दौरान सभी प्रकार के भारी वाहनों (ट्रक, ट्रेक्टर, लोडिंग, बस आदि) का शहर मुरैना में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अम्बाह, पोरसा, दिमनी की तरफ से आगरा-धौलपुर की ओर जाने वाले चार पहिया वाहन एवं बस मुडियाखेडा बायपास से लालौर फाटक, वहां से अम्बाह बायपास की तरफ से हाइवे के रास्ते आगरा-धौलपुर की तरफ जाना सुनिश्चित करेंगे। अम्बाह, पोरसा, दिमनी की तरफ से ग्वालियर की ओर जाने वाले चार पहिया वाहन एवं बस मुडियाखेडा बायपास से इमलिया तिराहा से नन्देपुरा एवं नंदेपुरा से शिकारपुर रेल्वे फाटक होते हुए छौंदा टोल टैक्स बेरियर तरफ से ग्वालियर की तरफ जाना सुनिश्चित करेंगे। जौरा, कैलारस, सबलगढ़ की ओर से शहर मुरैना की तरफ आने वाले चार पहिया/दो पहिया एवं ई-रिक्शाओं के लिए बेरियर चौरहा से के.एस. चौराहा से नैनागढ गल्लामंडी मार्ग से माधौपुरा की पुलिया होते हुए गोपीनाथ पुलिया की ओर से शहर रेल्वे स्टेशन की ओर प्रवेश करना सुनिश्चित करेंगे। व्हीव्हीआईपी भ्रमण के दौरान समय प्रातः 07:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक एसएएफ पेट्रोलपंप व्हीआईपी रोड से लेकर संग्रहालय तक, पुराना बस स्टैण्ड से लेकर पीएम हाउस चौराहे तक एवं जेल रोड से लेकर जिम चौराहा संजय कॉलोनी तक का पूरा मार्ग समस्त प्रकार के वाहनों के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। व्हीव्हीआईपी भ्रमण के दौरान प्रात 07:00 बजे से बेरियर चौराहा, मेला ग्राउंड, कोर्ट तिराहा, पुराना बस स्टैण्ड, संग्रहालय, नहरू पार्क, गणेशपुरा की पुलिया के लिए यातायात डायवर्सन प्रभावशील रहेगा। अतः असुविधा से बचने के लिए परिवर्तित मार्ग नैनागढ रोड, माधौपुरा की पुलिया, गोपीनाथ की पुलिया मार्ग का उपयोग करें। दिनांक 25.04.2024 को प्रातः 07:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक एमएस रोड पर ई-रिक्शाओं का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वैकल्पिक मार्ग के लिए नैनागढ़
रोड का उपयोग करना सुनिश्चित करें।

***पुलिस परेड ग्राउंड (आमसभा) कार्यक्रम स्थल में आने वाले वाहनों की पार्किंग एंव आगमन व्यवस्था***

आमसभा कार्यक्रम स्थल में ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं कार्यक्रम में आने वाले व्हीआईपी / अन्य पदाधिकारियों एवं मीडिया कर्मियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था एसएएफ कैंटीन / सुपर बाजार 05 वी वाहिनी के पीछे खाली मैदान में की गई अतः सभी पदाधिकारीगण एवं मीडियाकर्मी (मय पास) अपने वाहन को एम.एस. रोड पुराना बस स्टेण्ड से राधिका पैलेस नाला नंबर 01 के रास्ते होते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल एसएएफ कैंटीन / सुपर बाजार 05वी वाहिनी के पीछे खाली मैदान में पार्क किया जाना सुनिश्चित करेंगे एवं वहां से पैदल व्हीआईपी गेट की ओर से कार्यक्रम आमसभा स्थल में प्रवेश करना सुनिश्चित करेंगे। व्हीआईपी के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी की पार्किंग व्यवस्था टाउन हॉल / जीवाजीगंज एवं ज्ञानेश्वरी माता मंदिर मार्ग पर की गई है, अतः अपने वाहन पार्किंग स्थल पर पार्क कर वहां से पैदल आमजन प्रवेश द्वार की ओर से कार्यक्रम सभा स्थल में प्रवेश करना सुनिश्चित करेंगे। आमसभा कार्यक्रम में अम्बाह, पोरसा, दिमनी तरफ से आने वाले आमजनों के लिए चार पहिया/दो पहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था मालगोदाम स्टेशन पर की गई है। अतः अपने वाहन पार्किंग स्थल पर पार्क कर वहां से पैदल आमजन प्रवेश द्वार की ओर से कार्यक्रम सभा स्थल में प्रवेश करना सुनिश्चित करेंगे। आमसभा कार्यक्रम में सबलगढ़, जौरा, कैलारस, बानमोर, ग्वालियर तरफ से आने वाले आमजनों के लिए चार पहिया/दो पहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था मेला ग्राउंड में की गई है। अतः अपने वाहन पार्किंग स्थल पर पार्क कर वहां से पैदल आमजन प्रवेश द्वार की ओर से कार्यक्रम सभा स्थल में प्रवेश करना सुनिश्चित करेंगे। आमसभा कार्यक्रम में अम्बाह, पोरसा, दिमनी, सबलगढ़, जौरा, कैलारस, बानमोर, ग्वालियर आदि स्थानों से आमजन को लेकर आने वाली बसों के लिए पार्किंग स्थल गल्लामंडी रखा गया है।

***नोट:*** आमसभा कार्यक्रम में आने वाले आमजनों से अपील है कि वह वाहन पार्किंग स्थल में पार्क कर पार्किंग स्थल से पैदल एमएस रोड होते हुए संग्रहालय से कोतवाली होते हुए नाला नंबर 01 के सामने बने आमजन प्रवेश द्वार से आमसभा कार्यक्रम स्थल में प्रवेश कर सकेंगे।

***अपील:*** आमसभा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने वाले आमजनों से अनुरोध है कि व्ही. व्ही.आई.पी. की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आमसभा स्थल में पानी की बोतल, माचिस / लाइटर किसी भी प्रकार की धारदार वस्तु बैग इत्त्यादि पूर्णतः वर्जित रहेगा। अतएव असुविधा से बचने के लिए इस प्रकार की कोई भी सामग्री साथ लेकर न आयें।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. अंजली पब्लिकेशन एबी रोड़ मथुरा से मुद्रित, एवं ए-44-फस्ट फ्लोर, अशोका इन्क्लेव, पार्ट-2 सेक्टर- 37 फरीदाबाद हरियाणा (NCR) से प्रकाशित,
आरएनआई नं. एचएआरएचआईएन /2009/ 28496 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे। मो. 9958434103 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।